www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 226 || अम्बेडकरनगर
रविवार
08 नवम्बर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com
दैनिक
तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:20
सूर्यास्तः 05:20
अधिकतमः 30°00
न्यूनतमः 17°00

विशेष समाचार
जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा का... >> पेज 04
गाजियाबाद पुलिस चौकी... >> पेज 06
कोर्ट की फटकार के बाद नोरा...

लेजर शो से रामायण दिखाई जा रही, उपराष्ट्रपति-सीएम योगी समेत कई मंत्री मौजूद

अयोध्या में जले 30 लाख दीये

राम की पैड़ी दीयों से जगमग हो गई है। स्वयंसेवक दीऐ जलाने में लगे हुए हैं। दीपोत्सव की भव्यता अब नजर आने लगी है।

दीपोत्सव

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । अयोध्या में आज 10वां दीपोत्सव मनाया जा रहा है। यहां सरयू नदी के किनारे 56 घाटों पर 30 लाख दीये जलाए गए। राम की पैड़ी और सरयू घाट पर लेजर शो शुरू हो गया है। इसके पहले अयोध्या में करीब 3 घंटे तक शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें 21 झांकियां शामिल थीं। इनमें रामायण के सात कांडों को दर्शाया गया था। दीपोत्सव देखने के लिए मुंबई, गुजरात और बिहार सहित देशभर से लोग पहुंचे हैं। दिवाली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में 10वां दीपोत्सव मनाया जा रहा है। राम की पैड़ी और सरयू तट पर भव्य आयोजन हो रहा है। सरयू नदी के किनारे 56 घाटों को 30 लाख से ज्यादा मिट्टी के दीपकों से रोशन किया जाएगा। दीपोत्सव पर रामलला का दरबार सजाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिर में दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर मणिरामदास जी की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री, राम मंदिर धार्मिक समिति के सदस्य एवं श्रीराम वल्लभा कुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास, आचार्य मिथिलेशनंदनी शरण और महंत दिनेंद्र दास ने चर्चा की। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि बहुत लंबे समय बाद कोई संत किसी राज्य का मुख्यमंत्री बना है। उन्होंने कहा कि वह भी बेहद सामान्य परिवार से आते हैं, इसके बावजूद देश के उपराष्ट्रपति बने।
>> (शेष पेज 06 पर)





अयोध्या में योगी ने राम-सीता को पहनाई माला, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पैर छुए, हेलिकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

अयोध्या में लेजर शो से जगमगाए राम की पैड़ी और सरयू घाट

दीपोत्सव के दौरान राम की पैड़ी और सरयू घाट पर भव्य लेजर लाइट शो का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी से घाटों को सजाया गया। सरयू नदी के किनारे स्थित 56 घाटों को 30 लाख से अधिक मिट्टी के दीपकों से रोशन किया जाएगा। इसके लिए घाटों पर दीप सजाने की तैयारियां की गई हैं।

उपराष्ट्रपति बोले- योगी पर पूरा भरोसा, यूपी सभी राज्यों का नेतृत्व करेगा

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें सीएम योगी पर पूरा भरोसा है कि उत्तर प्रदेश सभी राज्यों का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि योगी असंभव को संभव बना देते हैं। इसके लिए उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। उपराष्ट्रपति ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। हम सभी मिलकर भारत को महाशक्ति बनाने में कामयाब होंगे। अंत में उन्होंने 'जय श्रीराम' और 'जय हिंद' के नारे के साथ अपना संबोधन समाप्त किया।

उपराष्ट्रपति बोले- पहले यूपी आने पर सुरक्षित महसूस नहीं करता था

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हिंदू धर्म में सभी को समान माना जाता है। महर्षि वाल्मीकि भी एक सामान्य परिवार से आते थे, लेकिन उन्होंने रामायण की रचना की। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि पहले जब वह यूपी आते थे तो खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते थे, लेकिन अब प्रदेश सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने काशी में हुई एक मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए कहा कि हाल ही में उन्होंने एक व्यक्ति से पूछा कि क्या अब कोई समस्या है? इस पर उस व्यक्ति ने बताया कि अब कोई समस्या नहीं है।

हर साल बना दीयों का रिकॉर्ड

वर्ष	जले दीप
2025	26.11 लाख
2024	25.12 लाख
2023	22.23 लाख
2022	15.76 लाख
2021	9.41 लाख
2020	6.06 लाख
2019	4.04 लाख
2018	3.01 लाख
2017	1.71 लाख



पीएम मोदी ने देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं

कहा- इस बार भी जवानों के साथ त्योहार मनाऊंगा



नई दिल्ली। पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर रील शेयर करके दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया है कि हर साल की तरह इस साल भी वे दिवाली सेना के जवानों के बीच मनाएंगे। वे कहां जाएंगे, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। 2025 में पीएम मोदी ने गोवा में INS विक्रांत पर नौसैनिकों के बीच दिवाली मनाई थी। यहां उन्होंने करीब 40 मिनट की स्पीच दी थी। नमस्ते, दीपावली का पावन पर्व, पूरा देश रोशनी से जगमगा रहा है। प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ हमारे संकल्प का परिचय है। आप सबको दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, आपका ये पर्व आपका आगे का समय सब कुछ सुख-शांति और समृद्धि से भरा रहे।मैं भी आपकी तरह बड़े उत्साह से दीपावली मनाता हूं। और हर साल आप जानते हैं देश के वीर जवानों के बीच जाना मेरा नित्यक्रम है। इस बार भी जारी रहेगा। आप सबको दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



इससे पहले शनिवार सुबह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। उन्होंने भगवान की आरती की, राधाकृष्णन ने उन्हें तिलक लगाया और उपहार दिए।

फास्ट न्यूज

अभिषेक बनर्जी का आरोप-भाजपा समर्थकों ने घर पर हमला किया

कोलकाता। TMC सांसद अभिषेक बनर्जी ने भाजपा समर्थकों पर शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे उनके घर पर हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने X पर वीडियो शेयर कर दावा किया कि उनके जन्मदिन पर कुछ लोग हथियार लेकर घर में घुसे और पत्थर फेंके।

उत्सव बधाई

महाना ने प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में श्री महाना ने कहा कि दीपावली भारतीय संस्कृति, आस्था, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का विशिष्ट पर्व है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, निराशा से आशा की ओर तथा असत्य से सत्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।

अवकाश की सूचना

08 नवंबर, 2026 प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर 'तमसा संकेत' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

08 नवंबर, 2026 और 09 नवंबर, 2026 को तमसा संकेत कार्यालय बंद रहेगा।
अतः अगला अंक 11 नवंबर, 2026 बुधवार को प्रकाशित होगा।
-संपादक

वायुसेना का गजराज तेरह हजार फीट की ऊंचाई पर उतरा

दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस, लद्दाख की यह जगह चीन सीमा से 23केएम दूर

लैंडिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को अपने भारी मालवाहक विमान IL-76MD की लद्दाख के न्योमा एयरबेस पर लैंडिंग करवाई। यह लैंडिंग 13,629 फीट की ऊंचाई पर हुई, जो दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस है।

IAF के मुताबिक, इस विमान की दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस पर लैंडिंग हुई। न्योमा को मुथ-न्योमा भी कहते हैं। यह पूर्वी लद्दाख में है और चीन बॉर्डर से सिर्फ 23 किमी दूर है। नवंबर 2025 में न्योमा को अपग्रेड करके नया एयरबेस बनाया गया था। तब तत्कालीन एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने C-130J से उतरकर इसका उद्घाटन किया था।
>> (शेष पेज 06 पर)



न्योमा पर पहले भी लैंडिंग हुई है। 20 अगस्त 2013 को सी-130जे ने वहां 16,614 फीट पर लैंड किया था, वो उस विमान का रिकॉर्ड था। अब आईएल-76एमडी (गजराज) का रिकॉर्ड बना है। दोनों अलग-अलग विमान हैं।

राहुल बोले- पब्लिक की कार से पेट्रोल चोरी 20% की जगह 31.2% एथेनॉल मिला

ई20 बना 420 : राहुल

घेराव

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पेट्रोल में तय सीमा से ज्यादा एथेनॉल मिलने के आरोप पर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने X पर लिखा- 'E20 अब 420 बन गया है, जनता की गाड़ी से पेट्रोल चोरी हो रहा है।' राहुल के मुताबिक, कर्नाटक सरकार ने 7 जिलों से पेट्रोल के 14 सैंपल लेकर मान्यता प्राप्त लैब में जांच कराई। इनमें 11 सैंपल में एथेनॉल की मात्रा 20% से ज्यादा मिली। इंडियन ऑयल के एक सैंपल में यह 31.2% और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सैंपल में 30.5% थी। हालांकि, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने जांच के नतीजों पर सवाल उठाए हैं। कंपनियों का कहना है कि सैंपल की जांच तय कानूनी और तकनीकी मानकों के मुताबिक नहीं हुई। कंपनियों ने अक्टूबर में लिए गए सैंपल की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।
>> (शेष पेज 06 पर)



तीन तेल कंपनियों ने जांच प्रक्रिया पर उठाए सवाल

कर्नाटक सरकार के विभाग ने दावा किया था कि राज्य के कुछ पेट्रोल पंपों पर बिक रहे पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा 26% से 31% के बीच थी।

इस पर इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने कहा कि कर्नाटक समेत देशभर में सप्लाई किया जा रहा E20 पेट्रोल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के तय मानक आईएस 17021 के मुताबिक है। यह मानक एथेनॉल मिले पेट्रोल के लिए तय किया गया है।

राहुल बोले- कस्टमर के पास कोई विकल्प नहीं, 3 बातें

- ज्यादा एथेनॉल वाला पेट्रोल इस्तेमाल करने से गाड़ियों का माइलेज घट सकता है और मरम्मत का खर्च बढ़ सकता है। आम लोग महंगे पेट्रोल के पैसे दे रहे हैं, लेकिन उनकी गाड़ियां इतनी ज्यादा एथेनॉल वाले पेट्रोल के लिए नहीं बनी हैं। इससे गाड़ियों को नुकसान हो सकता है और बार-बार मैकेनिक के पास जाना पड़ सकता है।
- ग्राहकों को यह नहीं बताया जा रहा कि उनकी गाड़ी में कितना एथेनॉल मिला पेट्रोल डाला जा रहा है। ऐसे में उनके पास कोई विकल्प भी नहीं है।
- देशभर में बिक रहे पेट्रोल में वास्तव में कितनी मात्रा में एथेनॉल मिलाया जा रहा है। उन्होंने तय सीमा से ज्यादा एथेनॉल मिलाने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

दुर्घटना : महिला की मौत, शरीर का एक हिस्सा छत पर, हाथ 100 मीटर दूर गिरा मकान ढहा

यूपी-फतेहपुर में पटाखा बनाते समय विस्फोट

तमसा संकते, एजेंसी

फतेहपुर । यूपी के फतेहपुर में शनिवार को घर में पटाखा बनाते समय विस्फोट हो गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि महिला के शरीर के दो टुकड़े हो गए। आधा हिस्सा छत पर, जबकि हाथ करीब 100 मीटर दूर तक जा गिरा।

घटना फतेहपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर हथगांव थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के मुताबिक महिला घर में पटाखा बना रही थी। इसी दौरान फ्रिज में तेज धमाका हुआ। इसकी चपेट में आकर पटाखों में भी विस्फोट हो गया। वार्ड नंबर 2 में रफी अहमद अपनी 55 साल की पत्नी नसरीन के साथ रहते हैं। शनिवार शाम करीब 4 बजे नसरीन घर में पटाखे बना रही थीं। इसी दौरान घर में रखे फ्रिज में तेज धमाका हुआ।

धमाके से फ्रिज पूरी तरह फट गया। घर की छत उड़ गई। छत के ऊपर बना बाथरूम भी ढह गया। नसरीन उस समय बाथरूम में थीं। धमाके में नसरीन के शरीर के दो टुकड़े हो गए।

धमाके के बाद उनका हाथ करीब 100 मीटर दूर जा गिरा, जबकि पैर छत पर ही करीब 25 मीटर दूर पड़ा मिला। धमाके से मकान भी बुरी तरह टूट गया। उसकी छत गिर गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग डर गए और घरों से बाहर निकल आए।
>> (शेष पेज 06 पर)





हथगांव थाने के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। धमाका किन कारणों से और कैसे हुआ, इसकी वास्तविक वजह फोरेंसिक रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट तौर पर कही जा सकती है।"

पुलिस और फोरेंसिक टीम ने की जांच

आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर हथगांव थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन पहुंचा। पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि नसरीन के पास पटाखे बनाने का लाइसेंस था, लेकिन उसकी अवधि समाप्त हो चुकी थी। लाइसेंस रिन्यूअल के लिए दिया गया था।

पुलिस के मुताबिक, घर के अंदर अनार (फुलझड़ी) के खाली डिब्बे मिले। वहीं, घर से 20 मीटर दूर भैंस के तबेले में 15 किलो के डिब्बे में बारूद भरा मिला। घटनास्थल के आसपास करीब 250 लोगों की आबादी है।

सीजेपी के मार्च में 'लेके रहेंगे आजादी' के नारे लगे

कोच्चि में दीपके बोले- पूरे देश में तिरंगा लेकर जाऊंगा

नारेबाजी

तमसा संकते, एजेंसी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को कोच्चि में वोटर लिस्ट में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के खिलाफ प्रदर्शन किया। CJP फाउंडर अभिजीत दीपके और अभिनेता प्रकाश राज प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन मार्च मरीन ड्राइव से शुरू होकर राजेंद्र मैदान पहुंचा। जहां जनसभा में पहुंचे अभिजीत दीपके ने कहा कि गिरफ्तारी के बावजूद वे पूरे देश में तिरंगा लेकर जाना जारी रखेंगे। दीपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर आरोप लगाया कि वे लोगों की खान-पान की आदतों, निजी रिश्तों और वोट देने के अधिकारों को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एक्टर प्रकाश राज ने प्रदर्शनकारियों के साथ 'हम लेके रहेंगे आजादी' के नारे लगाए। मैं नरेंद्र मोदी को बताना चाहता हूं कि मैं इस तिरंगे को हर जगह, इस देश के हर हिस्से में लेकर जाऊंगा।
>> (शेष पेज 06 पर)



दीपके ने पीएम पर लगाए जनता को कंट्रोल करने के आरोप

अब 63% मिलेगा, इस साल 5% की बढ़ोतरी, 28 लाख को फायदा, मई में सरकार ने महंगाई भत्ते में 2% की बढ़ोतरी की थी

यूपी में सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़ा

तोहफ

तमसा संकेत, एजेंसी

तलखनऊ । योगी सरकार ने दिवाली पर सरकारी कर्मियों और पेंशनर्स को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (DA) 60% से बढ़ाकर 63% कर दिया है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2026 से लागू होगा।

प्रदेश में 16 लाख कर्मचारी और 12 लाख पेंशनर्स हैं। यानी, कुल 28 लाख कर्मचारियों को इसका फायदा मिलेगा। कर्मचारियों को नवंबर की सैलरी के साथ बढ़े हुए DA का पैसा मिलेगा। वहीं, जुलाई से अक्टूबर तक का बकाया पैसा (एरियर) उनके PF खाते में जमा किया जाएगा। वहीं, पेंशनर्स के बढ़े हुए महंगाई भत्ते का एरियर उनके पेंशन खाते में जमा किया जाएगा। इस फैसले का लाभ राज्य कर्मचारियों के अलावा सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, प्राविधिक शिक्षण संस्थानों और नगर निकायों के कर्मचारियों को भी मिलेगा।

इससे पहले, मई में सरकार ने महंगाई भत्ते में 2% की बढ़ोतरी की थी। यानी साल 2026 में कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 5% की बढ़ोतरी कर दी गई है।



> 2 दिन पहले योगी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दिवाली पर 30 दिन के बोनस का तोहफा दिया था। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 6,908 रुपए बोनस मिलेगा। 75% पैसा पीएफ खाते में जमा किया जाएगा, बाकी रकम नकद मिलेगी।



सैलरी में कितनी होगी बढ़ोतरी?

महंगाई भत्ते की गणना कर्मचारी की बेसिक सैलरी के आधार पर की जाती है। उदाहरण से समझते हैं कि इस 3% की बढ़ोतरी से यूपी सरकार के कर्मचारियों की जेब में कितने रुपए बढ़ेंगे। मान लीजिए किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 30,000 है। 60% DA के हिसाब से उसे पहले 18,000 मिलते थे। अब 63% DA के हिसाब से 18,900 मिलेंगे। इस हिसाब से सैलरी में 900 बढ़ेंगे। इसी तरह, जिन कर्मियों की बेसिक सैलरी 1 लाख या उससे ज्यादा है, उनकी मासिक तनख्वाह में 3,000 से लेकर 6,000 तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

महंगाई भत्ता (DA) सरकारी कर्मचारियों को दिया जाने वाला 'कॉस्ट-ऑफ-लिविंग' एडजस्टमेंट है। इसका कैलकुलेशन बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में किया जाता है। इसका मुख्य मकसद बढ़ती कीमतों के बीच कर्मचारियों की

पिछले साल भी 2 बार बढ़ा था महंगाई भत्ता

यूपी सरकार ने 2025 में भी दो बार DA में बढ़ोतरी की थी। पहली बार अप्रैल में DA 53% से बढ़ाकर 55% किया गया था। बढ़ा हुआ वेतन 1 जनवरी 2025 से दिया गया था। दूसरी बार अक्टूबर में DA 55% से बढ़ाकर 58% कर दिया गया था। बढ़ा हुआ वेतन 1 जुलाई, 2025 से दिया गया था।

गोरखपुर में रवि किशन का अखिलेश पर तंज

27 का सपना मत देखें राहुल चीन के रॉकेट की तरह फुस्स हो रहे

तमसा संकेत, एजेंसी



गोरखपुर। गोरखपुर में सांसद रवि किशन ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल जी का एक रॉकेट है, जो अनगिनत बार लॉन्च हो चुका है। जहां तक उन्हें जानकारी है, यह 99वीं बार लॉन्च हुआ है। आखिरी बार रामलीला मैदान में लॉन्च हुआ था। चीन के रॉकेट की तरह यह भी फुस्स हो रहा है।

वहीं, अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सपना देखना अच्छी बात है, लेकिन उनका 2027 में मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही बनेंगे और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

रवि किशन ने कहा कि मैं संसद में अखिलेश का साथी हूं और जमीन पर घूमकर जनता का रुख देख रहा हूं। उन्होंने दावा किया कि पूरे देश में जनता के जवाब से इंडी गठबंधन के नेता परेशान हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम और लोकप्रियता का जिक्र करते हुए उन्होंने विपक्ष को चुनौती दी कि अगर मोदी जी को हराना है तो चुनाव के मैदान में उतरकर मुकाबला करें। तख्तापलट और रिजीम चेंज जैसी बातें करने से कुछ नहीं होगा।

रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार 365 दिन, 18-18 घंटे काम करते हैं। विपक्ष के नेताओं में इतनी मेहनत करने की क्षमता नहीं है।

फास्ट न्यूज

सुबेहा सानी बाजार में पटाखों की दुकानें सजीं

बाराबंकी । दीपावली के त्योहार को लेकर बाराबंकी के सुबेहा सानी बाजार में पटाखों की दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगे पटाखे, अनार, फुलझड़ी, चकरी, रॉकेट और आतिशबाजी के दूसरे सामान रखे गए हैं।

पटाखे खरीदने के लिए बाजार में लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। बच्चे और युवा अपनी पसंद के पटाखे खरीदने दुकानों पर पहुंच रहे हैं।

सपा सभासद भइया लाल यादव सहित 5 पर एफआईआर

वाराणसी । वाराणसी में सपा पार्षद भइया लाल यादव और उनके परिवार के पांच लोगों पर एक महिला ने फिर केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि पहले दर्ज केस में पैरवी करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

महिला ने पार्षद की पत्नी, दोनों बेटों और साले को भी आरोपी बनाया है। उसका कहना है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और केस से जुड़े सबूत वाला मोबाइल भी छीन लिया।

चेतगंज पुलिस ने महिला की शिकायत पर पांचों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

अन्नपूर्णा मंदिर में 33 घंटे से कतार

वाराणसी । काशी में शुक्रवार को धनतेरस पर मां अन्नपूर्णा ने अपने स्वर्णमयी स्वरूप में भक्तों को दर्शन शुरू हुए। जो 10 नवंबर तक अनवरत चलेंगे। ऐसे में शनिवार को धनतेरस के दुसरे दिन भी मंदिर के बाहर भक्तों की लाइन लगी हुई है। श्रद्धालु आधी रात के बाद से मंदिर के बाहर खड़े रहे। और जैसे ही सुबह मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खुले भक्त माता का दर्शन कर निहाल हो उठे।

शॉर्ट सर्किट से वित्तीय साक्षरता केंद्र में लगी आग

इन्वर्टर-बैटरी समेत सामान जलकर राख





तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सूरतगंज कस्बे के दशहरा मैदान के पास स्थित वित्तीय साक्षरता केंद्र में शनिवार शाम अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि केंद्र में रखा इन्वर्टर, बैटरी, कूलर, कुर्सियां और एक अलमारी समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम केंद्र बंद होने के बाद अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। केंद्र से धुआं और आग की लपटें निकलती देख स्थानीय लोगों ने तत्काल केंद्र प्रभारी लवकुश कुमार मौर्य को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और केंद्र के शटर का ताला खोलकर अंदर देखा तो आग तेजी से फैल रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने केंद्र में रखे फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशमन यंत्र) का इस्तेमाल किया और काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। केंद्र प्रभारी लवकुश कुमार मौर्य ने बताया कि वह पूरे दिन केंद्र पर मौजूद थे। शाम करीब चार बजे केंद्र बंद कर घर चले गए थे। इसके बाद यह घटना हुई। स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया गया।

पुलिस ने रोककर कहा-5 गाड़ी ले जाइए, बोले- इतनी कम से नहीं चलते

चार सौ गाड़ियों के काफिले से काशी पहुंचे बाहुबली अनंत सिंह

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । बिहार के मोकामा से विधायक अनंत सिंह शुक्रवार शाम करीब 5 बजे 400 गाड़ियों के काफिले के साथ वाराणसी पहुंचे। हालांकि, धनतेरस और दिवाली की भीड़ के साथ ट्रैफिक व्यवस्था का हवाला देकर पुलिस ने उन्हें शहर के बाहर डाफी इलाके में रोक लिया।

अनंत सिंह बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी यानी बीएचयू जाकर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर फूल चढ़ाना चाहते थे। प्रशासन ने उन्हें सिर्फ 5 गाड़ियों के साथ बीएचयू जाने की अनुमति देने की बात कही। इस पर अनंत सिंह ने वहां जाने से मना कर दिया।

उन्होंने कहा,इतनी कम गाड़ियों के साथ हम नहीं चलते हैं। अगर अनुमति नहीं मिली है, तो हम नहीं जाएंगे। इसके बाद पुलिस ने शाम करीब 5:30 बजे उन्हें शहर के बाहर से ही प्रयागराज के लिए रवाना कर दिया। इस दौरान उनके समर्थकों की पुलिस से बहस भी हुई। विधायक अनंत सिंह सुबह पटना से 100 गाड़ियों के साथ प्रयागराज के लिए निकले थे। रास्ते में उनके साथ समर्थक जुड़ते चले गए। रात करीब 8 बजे वे प्रयागराज में अपने पुराने मित्र पप्पू सलमान के घर शादी समारोह में शामिल हुए। रात 9 बजे वे प्रयागराज से रवाना हो गए।





अनंत सिंह को वाराणसी के डाफी इलाके में प्रशासन ने रोक दिया। उनके समर्थकों के साथ पुलिस की बहस भी हो गई।

दुलारचंद यादव हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने अनंत सिंह को 4 दिसंबर या उससे पहले संबंधित जांच अधिकारी के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया है।

अनंत सिंह की छोटी बेटी शिवांगी की शादी 25 नवंबर को होनी है।

बीएचयू छात्र नेता के घर भी जाने वाले थे अनंत सिंह

बीएचयू के छात्र नेता डॉ. सौरव राय ने बताया कि अनंत सिंह उनके घर आने वाले थे। उनकी मां से मुलाकात का भी कार्यक्रम था। इसके अलावा अनंत सिंह को बीएचयू में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना था।

डॉ. सौरव राय के मुताबिक, उन्होंने प्रशासन से पहले ही कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। इसके बावजूद 400 गाड़ियों के काफिले को डाफी में ही रोक दिया गया। प्रशासन ने सिर्फ 5 गाड़ियों को अंदर जाने की अनुमति दी। इस पर अनंत सिंह ने कहा कि वह 5 गाड़ियों के साथ नहीं जाएंगे। इसके बाद पूरा काफिला वहीं से प्रयागराज के लिए रवाना हो गया।

दिवाली पर तीन मुहूर्त में करें मां लक्ष्मी की पूजा

कुंभ, वृष और सिंह लग्न में मिलेगा मौका

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी । दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा के लिए इस बार तीन स्थिर लग्न में मुहूर्त रहेगा। 8 नवंबर को दोपहर 1:22 बजे से रात 2:40 बजे तक तीन अलग-अलग समय पर पूजा की जा सकेगी।

ज्योतिषाचार्य श्रीराम शर्मा के मुताबिक, पहला मुहूर्त कुंभ लग्न, दूसरा वृष लग्न और तीसरा सिंह लग्न में रहेगा। गृहस्थों के लिए शाम का वृष लग्न विशेष शुभ माना गया है। इस दौरान शाम 6 से 7:54 बजे तक पूजा की जा सकेगी। वहीं, बड़े व्यापारी रात 12:26 से 2:40 बजे तक सिंह लग्न में मां लक्ष्मी की पूजा कर सकते हैं। धार्मिक मान्यता है कि स्थिर लग्न में पूजा करने से घर और कारोबार में धन-संपत्ति, सुख-समृद्धि और वैभव बना रहता है। पूजा में कमल का फूल, लाल वस्त्र और श्रीसूक्त पाठ का विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिष में 12 राशियों को चर, स्थिर और द्विस्वभाव तीन श्रेणियों में बांटा गया है। वृषभ, सिंह, वृश्चिक और कुंभ चार स्थिर राशियां हैं। इन राशियों के उदय होने के समय को स्थिर लग्न कहा जाता है। स्थिर का अर्थ है अपनी जगह पर बने रहना और जल्दी बदलाव न होना। धार्मिक मान्यता के मुताबिक, स्थिर लग्न में पूजा करने से घर और कारोबार में धन-संपत्ति, सुख-समृद्धि और वैभव बना रहता है। इसी वजह से दीपावली पर लक्ष्मी पूजन के लिए स्थिर लग्न को विशेष महत्व दिया जाता है।

गोरखपुर जेल में गैंगस्टर दे रही ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग

12 करोड़ ठगने वाली बच्चों को पढ़ाती, बीएसए करियर संवारने के टिप्स देती

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर जिला जेल में बंद 12 करोड़ की ठगी की आरोपी गरिमा सिंह बच्चों को पढ़ा रही है। वहीं, गैंगस्टर की आरोपी अंशिका सिंह ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग दे रही है। शिक्षक सुसाइड केस में बंद पूर्व BSA शालिनी श्रीवास्तव दूसरी महिला बंदियों को करियर संवारने के टिप्स दे रही हैं। तीनों महिलाएं अपने हुनर से जेल में बंद महिलाओं की मदद कर रही हैं।

जिला जेल में इस समय 73 महिला बंदी हैं। इनके साथ 6 बच्चे भी रह रहे हैं।

जेल में बंद अंशिका सिंह उर्फ अंतिमा अब दूसरी महिला बंदियों को ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग दे रही है।



उसने एक अच्छे कॉलेज से ब्यूटीशियन का कोर्स किया है। अंशिका सिंघड़िया इलाके में किराये पर रहती थी। उस पर 5 साल में सीओ, दरोगा समेत 165 लोगों को ब्लैकमेल करने का आरोप है। 20 जनवरी 2026 को सिंघड़िया इलाके में जन्मदिन की पार्टी के दौरान उसका एक निजी अस्पताल के मैनेजर से विवाद हो गया था। आरोप है कि उसने मैनेजर पर पिस्टल तान दी थी। छीना-झपटी में गोली मैनेजर के दोस्त के पेट में लग गई।

अंशिका के मोबाइल से कई अश्लील वीडियो मिले थे

जांच में पुलिस को अंशिका के मोबाइल से कई अश्लील वीडियो मिले थे। वह मैसेंजर और वॉट्सऐप पर लोगों से संपर्क करती थी। वीडियो कॉल के दौरान सामने वाले की रिकॉर्डिंग कर लेती थी। फिर वीडियो वायरल करने और दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर रुपए वसूलती थी। उसके जाल में 15 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के फंसने की बात भी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

संख्याः-3748/न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण) दिनांक 05.11.2026

अतिअल्पकालीन पुनः ई-निविदा (Retender) सूचना

नगर पालिका परिषद अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर इस निकाय के कार्यालय पत्र संख्या-2800/ न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण) दिनांक-08.09.2026 के द्वारा "सीवरेज एवं जल निकासी" मद के अन्तर्गत 05 निर्माण कार्यों की निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसमें प्राप्त बिड निविदा शर्तों के अनुरूप न होने के कारण पुनः ई-निविदा (Retender) आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि को अवकाश होने की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

कार्य का विवरण वेबसाइटः-https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन कर देखा जा सकता हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 07.11.2026 से 21.11.2026 तक
2. प्री-बिड मीटिंग की तिथि व समय दिनांक-12.11.2026 समय 12:00 बजे।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय दिनांक-21.11.2026 को समय 12:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि / समय दिनांक-21.11.2026 समय अपरान्ह 02:00 बजे ।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल की निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

दो आरोपी बरी, चश्मदीद गवाह ने कोर्ट में हमले की बात से किया इन्कार

सूरज की मौत में हत्या साबित नहीं कर सका अभियोजन

दोषमुक्त

- मेडिकल और फोरेंसिक साक्ष्य भी आरोपियों के खिलाफ नहीं हुए साबित

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। सम्मनपुर के जहानियापुर गांव निवासी सूरज उपाध्याय की मौत के मामले में अभियोजन पक्ष हत्या का आरोप साबित नहीं कर सका। सत्र न्यायालय ने पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने पर सम्मनपुर निवासी अरबाज और शादाब को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। सत्र न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने दोनों आरोपियों की रिहाई का आदेश भी दिया। यह आदेश इस शर्त के साथ दिया गया कि वे किसी अन्य मामले में वांछित न हों।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लाठियां बरामद करने का दावा किया था। लेकिन फोरेंसिक जांच में बांस की लाठी पर मिले रक्त का स्रोत और मृतक से उसका संबंध साबित नहीं हुआ। कॉल डिटेल रिकॉर्ड से भी आरोपियों की घटनास्थल पर मौजूदगी की पुष्टि नहीं हुई। सूरज के पिता और भाई ने भी अदालत में हत्या की घटना को प्रत्यक्ष रूप से देखने की बात नहीं कही। अभियोजन की ओर से पेश गवाहों और मेडिकल, फोरेंसिक व अन्य साक्ष्यों के परीक्षण के बाद अदालत ने माना कि आरोपियों के खिलाफ हत्या का आरोप संदेह से परे साबित नहीं हुआ। इसी आधार पर सत्र न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने अरबाज और शादाब को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। साथ ही अन्य किसी मामले में वांछित नहीं होने की स्थिति में उनकी रिहाई का आदेश दिया।

जिसे बताया चश्मदीद, उसी ने कोर्ट में बदला बयान

अभियोजन ने अफरीन को घटना का चश्मदीद गवाह बताया था। दावा किया गया कि उसने दोनों आरोपियों को सूरज पर हमला करते देखा था। हालांकि, अदालत में गवाही के दौरान अफरीन ने घटनास्थल पर मौजूद होने और मारपीट देखने से इन्कार कर दिया। इससे अभियोजन की ओर से पेश की गई प्रत्यक्षदर्शी गवाही की पुष्टि नहीं हो सकी।

मेडिकल रिपोर्ट में भी नहीं मिला हत्या का आधार

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सूरज की पीठ और कंधे पर चोटें दर्ज थीं। हालांकि, चिकित्सकों ने इन चोटों को मौत का कारण नहीं माना। अदालत में चिकित्सक ने मौत की वजह हार्ट अटैक बताई। विसरा जांच में भी जहर की पुष्टि नहीं हुई। ऐसे में मेडिकल साक्ष्य से हत्या का आरोप साबित नहीं हो सका।

मरी माई स्थान के पास मिला था शव

दो मई 2026 को सूरज का शव जहानियापुर-मछलीगांव क्षेत्र में मरी माई स्थान के पास मिला था। उसके भाई शिवम उपाध्याय की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। शुरुआती जांच में पुलिस ने प्रेम प्रसंग समेत कई बिंदुओं पर छानबीन की। बाद में अरबाज और शादाब को मामले में आरोपी बनाया गया।

संस्कृत बोर्ड परीक्षा के लिए नौ केंद्र प्रस्तावित 2010 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष में सबसे अधिक 806 परीक्षार्थी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2027 की परीक्षाओं को लेकर जिले में तैयारियां शुरू हो गई हैं। परीक्षा के लिए नौ केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। इन केंद्रों पर तीन स्तर की परीक्षाओं में कुल 2010 विद्यार्थी शामिल होंगे। जिला स्तरीय समिति ने केंद्रों का निर्धारण कर विद्यालयों के आवंटन और परीक्षार्थियों की संख्या के साथ प्रस्तावित सूची जारी कर दी है। तीनों स्तरों में पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सबसे अधिक 806 विद्यार्थी शामिल होंगे। उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष में 709 और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष में 495 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस तरह जिले में कुल 2010 विद्यार्थी संस्कृत बोर्ड की परीक्षा देंगे।

प्रस्तावित केंद्रों की क्षमता 300 से 600 विद्यार्थियों तक रखी गई है। डीआईओ-एस कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि संस्कृत बोर्ड परीक्षा को व्यवस्थित और सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रों का प्रस्ताव तैयार किया गया है। केंद्र निर्धारण में विद्यालयों की उपलब्ध क्षमता, फर्नीचर और परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। जिले में प्रस्तावित नौ केंद्रों में राजकीय बालिका हाईस्कूल अहिरौली रानीमऊ में 163, राम दुलारी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वतीनगर मुबारकपुर टांडा में 453 और श्री शंकर जी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कदरियावां गोशाईगंज में 273 परीक्षार्थी आवंटित किए गए हैं। इसी तरह लक्ष्मी सरोज संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुर्मी डीहा रामदास पट्टी में 223, सरस्वती संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबना बाला पैकोली में 196, साहब दयाल संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मधुपुर मीरानपुर में 200, ज्ञानचंद संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताजूपुर हजपुरा में 151, जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरहुरपुर में 196 और राजकीय हाईस्कूल रामगढ़ भियांव में 155 परीक्षार्थियों को आवंटित

फास्ट न्यूज

त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट

अंबेडकरनगर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग और गश्त तेज कर दी है। बाजारों, सराफा दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। पुलिस ने जनपद की सीमाओं और प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाकर वाहनों की जांच शुरू की है।

कृत्रिम हाथ-पैर लगवाने के लिए 20 नवंबर तक करें आवेदन

अंबेडकरनगर। जनपद के ऐसे दिव्यांगजन जिनके हाथ या पैर कट गए हैं अथवा कमजोर हैं, वे कृत्रिम अंग लगवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश की कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत यह सुविधा दी जा रही है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वरुण सिंह ने बताया कि इच्छुक पात्र दिव्यांगजन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं।

छोटी दिवाली पर मंदिरों में सजा हनुमान जन्मोत्सव

अंबेडकरनगर। छोटी दिवाली पर शनिवार को जलालपुर नगर के मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। श्री शीतला माता मंदिर समेत अन्य हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। मां की महिमा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास कुमार निषाद ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी का जन्म कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हुआ था।

यातायात माह के सातवें दिन 668 वाहनों का चालान, नशे में मिले तीन चालक

एक से सात नवंबर तक 2351 वाहनों पर कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस का अभियान जारी है। यातायात माह के सातवें दिन शनिवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता और चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 668 वाहनों का चालान किया गया। वहीं, नशे में वाहन चलाने वालों की जांच में तीन चालक पॉजिटिव मिले। इनके खिलाफ चालान की कार्रवाई करते हुए कुल 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात जयबहादुर यादव ने यातायात पुलिस टीम के साथ अभियान चलाया। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए 780 वाहन चालकों की जांच की गई। इनमें तीन चालक निर्धारित परीक्षण में पॉजिटिव पाए गए। तीनों का चालान कर प्रत्येक पर 10 हजार रुपये के हिसाब से कुल 30 हजार रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन पर सात नवंबर को 668 वाहनों का चालान किया गया। एक नवंबर से अब तक कुल 2351 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई हो चुकी है। इसके अलावा अब तक सात वाहनों से कुल 11 हजार रुपये शमन शुल्क जमा कराया गया है। अभियान के दौरान पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने पंपलेट बांटकर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अपील की।

216 फरियादियों ने लगाई गुहार 29 को मौके पर मिला समाधान

पांचों तहसीलों में लगा संपूर्ण समाधान दिवस, टांडा में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले की पांचों तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का अंबार लगा। फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। पूरे जिले में कुल 216 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 29 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

टांडा तहसील में जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां राजस्व, पुलिस और विकास विभाग से संबंधित शिकायतें आईं। दोनों अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की बात सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। टांडा में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

भीटी, अकबरपुर, जलालपुर और आलापुर तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 202 शिकायतें दर्ज की गईं।





बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाएं फरियादी

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर उसका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। समाधान में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को एक ही समस्या के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए अधिकारी शिकायतों की जांच कर यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करें।

महामाया मेडिकल कॉलेज में पीजी की 16 सीटें बढ़ीं

जनरल मेडिसिन में सबसे अधिक छह नई सीटें मिलीं

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) की 16 नई सीटों को स्वीकृति मिली है। इसके साथ ही कॉलेज में पीजी सीटों की कुल संख्या 25 से बढ़कर 41 हो गई है। सीटों में यह बढ़ोतरी पांच विभागों में की गई है। इससे मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पढ़ाई के अवसर बढ़ेंगे। स्वीकृत सीटों में जनरल मेडिसिन विभाग को छह, बायोकेमिस्ट्री और पीडियाट्रिक्स को तीन-तीन तथा पैथोलॉजी और नाक, कान एवं गला (ईएनटी) विभाग को दो-दो सीटें मिली हैं। इसके बाद जनरल मेडिसिन में पीजी सीटों की संख्या 10, पैथोलॉजी में छह, पीडियाट्रिक्स और कम्युनिटी मेडिसिन में पांच-पांच हो गई है। फॉरेंसिक मेडिसिन और जनरल सर्जरी में चार-चार, बायोकेमिस्ट्री में तीन तथा नेत्र रोग और ईएनटी विभाग में दो-दो सीटें हो गई हैं।

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने इस उपलब्धि पर संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों और चिकित्सकों को बधाई दी। उन्होंने इसे पूरे जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कहा कि पीजी सीटें बढ़ने से विशेषज्ञ चिकित्सक तैयार करने की क्षमता बढ़ेगी। इससे भविष्य में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।

अखलासपुर में दो बड़े निर्माण कार्यों के लिए परमात्मा सिंह ने दिए 79.48 लाख रुपये

मातृभूमि योजना से गांवों में बनेंगे स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हॉल

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए संचालित मातृभूमि योजना के तहत जिले में पांच विकास परियोजनाओं को आर्थिक सहयोग मिला है। विभिन्न दानदाताओं ने इन परियोजनाओं के लिए कुल 80.88 लाख रुपये दिए हैं। इसमें अखलासपुर गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हॉल का निर्माण प्रमुख है। इन दोनों परियोजनाओं के लिए अकेले परमात्मा सिंह ने 79.48 लाख रुपये का सहयोग दिया है। इसके अलावा तीन ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए भी धनराशि दी गई है।

अखलासपुर में ही कम्युनिटी हॉल के निर्माण के लिए परमात्मा सिंह ने 19.51 लाख रुपये का सहयोग दिया है। इस परियोजना को भी वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। इसके निर्माण की जिम्मेदारी भी पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई है। कम्युनिटी हॉल बनने से ग्रामीणों को सामाजिक और सामुदायिक आयोजनों के लिए एक स्थान उपलब्ध होगा।

योजना के तहत जलालपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कादीपुर में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए बुद्धिराम ने 60 हजार रुपये दिए हैं। इसी विकासखंड की अवधना इस्माइलपुर पंचायत में सोलर लाइट परियोजना के लिए जगदीश चौधरी ने 60 हजार रुपये का सहयोग किया है। वहीं, रामनगर विकासखंड की बड़ेपुर सारा पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए पूनम देवी ने 20 हजार रुपये दिए हैं। इन तीनों परियोजनाओं के लिए कुल 1.40 लाख रुपये का सहयोग मिला है।

अखलासपुर को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा, बनेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

रामनगर विकासखंड की ग्राम पंचायत अखलासपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए परमात्मा सिंह ने 59.97 लाख रुपये दिए हैं। इस परियोजना को जिलाधिकारी स्तर से वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। केंद्र बनने से गांव और आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

52 साल की ऊर्जा यात्रा पूरी एनटीपीसी टांडा ने मनाया स्थापना दिवस

स्थापना दिवस समारोह में कर्मचारियों और सहयोगियों के योगदान को मिला सम्मान

- परियोजना प्रमुख राजीव सिन्हा ने टीम भावना के साथ भविष्य के लक्ष्यों को हासिल करने का किया आह्वान

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा में शनिवार को संगठन का 52वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में परियोजना के कर्मचारियों, सहयोगियों और गरिमा महिला मंडल की सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर एनटीपीसी की अब तक की विकास यात्रा, उपलब्धियों और देश के ऊर्जा क्षेत्र में उसकी भूमिका पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में कर्मचारियों और सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों को संगठन की प्रगति का प्रमुख आधार बताया गया। परियोजना प्रमुख राजीव सिन्हा ने कहा कि एनटीपीसी की 52 वर्षों की यात्रा निरंतर प्रयास, समर्पण और सामूहिक कार्यशैली का परिणाम है। संगठन ने अपनी कार्यक्षमता और उपलब्धियों के माध्यम से देश के ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस प्रगति के पीछे कर्मचारियों और सहयोगियों की मेहनत, प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता केवल उसकी योजनाओं से नहीं, बल्कि उन्हें पूरा करने में जुटे लोगों के प्रयासों से तय होती है।

राजीव सिन्हा ने कर्मचारियों से संगठन के लक्ष्यों के प्रति पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलती जरूरतों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में बेहतर योगदान देने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। टीम भावना, आपसी सहयोग और जिम्मेदारी के साथ किए गए प्रयास भविष्य की उपलब्धियों का रास्ता तैयार करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि कर्मचारियों और सहयोगियों की इसी कार्यशैली से एनटीपीसी आने वाले वर्षों में भी नए लक्ष्य हासिल करेगा और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

मेडिकल पीजी प्रवेश परीक्षा में श्रिया की एआईआर-8

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले की बेटी श्रिया कुमार ने चिकित्सा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। एक नवंबर 2026 को आयोजित चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) आठ हासिल की है। ग्राम मजगवां, यरकी निवासी विनोद कुमार की पुत्री श्रिया की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी है। श्रिया ने पुडुचेरी स्थित जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जेआईपीएमईआर) से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। यहां उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया था। इसके अलावा वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की अंतर-संस्थान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता रह चुकी हैं।

श्रिया ने स्कूली शिक्षा के दौरान भी बेहतर प्रदर्शन किया था। वर्ष 2020 में सीबीएसई की 12वीं की विज्ञान वर्ग की परीक्षा में उन्होंने उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए थे। अब मेडिकल पीजी प्रवेश परीक्षा में AIR-8 हासिल कर उन्होंने अपनी उपलब्धियों में एक और मुकाम जोड़ा है।

श्रिया के चाचा डॉ. मुकेश राना महामाया राजकीय एलोपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय, अंबेडकर-नगर में औषधि विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं। उनकी छोटी बहन लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही हैं।

लक्ष्य : रामनगर में कार्यकर्ताओं की बैठक में त्रिभुवन दत्त ने दिलाया संकल्प

2027 की तैयारी में जुटी सपा

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। शनिवार को रामनगर स्थित पार्टी कार्यालय पर 'आओ मिलकर हम सब एक दीप जलाएं' कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें विधायक एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव त्रिभुवन दत्त ने कार्यकर्ताओं को अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। साथ ही बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और नए मतदाताओं को जोड़ने पर जोर दिया। युवा नेता राहुल दत्त यशवर्धन ने युवाओं से पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने और नए मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को मजबूती मिलेगी। बैठक को एससी आयोग की पूर्व सदस्य विद्या सिंह भारती, वीरेंद्र तिवारी और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र यादव समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को देखते हुए संगठनात्मक गतिविधियां तेज करने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रामप्यारे निषाद ने किया।

- सपा के प्रांतीय सचिव योगेंद्रनाथ त्रिपाठी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से जुटना होगा। संगठन की मजबूती और एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की अपील की।

18 वर्ष पूरे करने वाले युवाओं के नाम जुड़वाएं

त्रिभुवन दत्त ने कहा कि जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर विशेष प्रयास करें। कोई भी पात्र युवा मतदाता बनने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने की अपील की। संगठन में आपसी समन्वय बनाए रखने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने की नसीहत भी दी।

प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े से मिले विवेक मौर्य, दीपावली की शुभकामनाएं दीं

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े से मुलाकात की। दीपावली के अवसर पर हुई इस मुलाकात में उन्होंने विनोद तावड़े को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। विवेक मौर्य ने स्नेहिल भेंट के दौरान अपनी शुभेच्छाएं प्रेषित कीं। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय विवेक मौर्य की इस मुलाकात को संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व से उनके संपर्क के रूप में देखा जा रहा है।

प्रकाश पर्व के अवसर पर विवेक मौर्य ने विनोद तावड़े से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने पर्व की बधाई देते हुए अपनी शुभेच्छाएं साझा कीं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी से उनकी यह भेंट त्योहार के अवसर पर हुई शिष्टाचार मुलाकात रही। इस मुलाकात के जरिए विवेक मौर्य ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति अपना सम्मान और संगठन से जुड़ाव भी व्यक्त किया। विवेक मौर्य अंबेडकरनगर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही वह नारायण फाउंडेशन के संरक्षक भी हैं। पार्टी संगठन से जुड़े दायित्व और सामाजिक संस्था से उनका जुड़ाव उनकी सार्वजनिक भूमिका के दो प्रमुख पक्ष हैं। प्रदेश प्रभारी से मुलाकात के दौरान उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएं देकर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व से अपना संपर्क साझा किया।

- भाजपा जिला उपाध्यक्ष और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक ने की शिष्टाचार भेंट, अकबरपुर विधानसभा से प्रबल दावेदार के रूप में भी चर्चा

सम्पादकीय

बेलगाम हुआ प्रदूषण



आशा की जानी चाहिए कि दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के अन्य शहरों की प्रदूषण रोधी एजेंसियों के साथ स्थानीय निकाय और साथ ही पुलिस सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को गंभीरता से लेगी कि प्रदूषण का प्रमुख कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में भारी ट्रैफिक जाम पर यह जो प्रश्न किया कि आखिर प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, उसका अधिकारियों के पास शायद ही कोई ठोस उत्तर हो, क्योंकि तमाम उपायों के बाद भी उत्तर भारत में वायु प्रदूषण ने गंभीर रूप ले लिया है।

यह एक त्रासदी ही है कि जब लोग सबसे बड़ा उत्सव मनाने जा रहे हैं, तब वे विषाक्त हवा से जूझ रहे हैं। दीवाली पर जब गरीबों को रोजी-रोटी कमाने का अतिरिक्त अवसर मिलता है, तब उन्हें जाम के कारण ऐसा करने में परेशानी उठाने के साथ घातक किस्म के प्रदूषण का भी सामना करना पड़ रहा है। इसका सामना अन्य लोग भी कर रहे हैं। जो स्थिति दिल्ली-एनसीआर में है, वही शेष उत्तर भारत में भी। अब तो उत्तर भारत के छोटे शहर भी प्रदूषण से त्रस्त रहने लगे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि एक तो प्रदूषण रोधी सभी उपायों पर एक साथ काम नहीं किया जाता और दूसरे, तभी चेता जाता है, जब हवा विषैली हो जाती है।

वाहनों का धुआं, पराली दहन, कूड़ा-कर्कट जलना, सड़कों और निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल की रोकथाम न करना प्रदूषण के मुख्य कारण हैं।

समझना कठिन है कि ट्रैफिक जाम जैसे प्रदूषण के बड़े कारणों को दूर करने में भी शिथिलता क्यों दिखाई जा रही है? अनेक अध्ययन यह बता चुके हैं कि वायु प्रदूषण में वाहनों के उत्सर्जन की एक बड़ी भूमिका है। जब वाहन धीमी गति से चलते हैं, तो वे कहीं घातक किस्म का उत्सर्जन करते हैं।

समस्या यह है कि उत्तर भारत का करीब-करीब हर शहर ट्रैफिक जाम से त्रस्त है। ट्रैफिक जाम का बड़ा कारण सड़कों पर अतिक्रमण है। सड़कों पर फुटपाथ या तो हैं नहीं और यदि हैं तो वे दुकानों में तब्दील हो चुके हैं।

चूंकि इन दुकानों के सामने वाहन खड़े रहते हैं, इसलिए सड़कें और संकरी हो जाती हैं। इसके चलते वाहन रेंगने को बाध्य होते हैं और वे कहीं अधिक विषाक्त धुआं छोड़ते हैं। चूंकि इसकी कोई परवाह नहीं करता कि सड़कों पर अतिक्रमण न हो, फुटपाथों पर कब्जा न हो और आटो, रिक्शा, बस आदि जहां-तहां अपना स्टापेज न बना लें, इसलिए सड़कों पर अराजकता ही दिखाई देती है।

यह त्योहारों पर और अधिक बढ़ जाती है। बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह सही कहा कि कोई पाबंदी काम नहीं आएगी और हम जितने ज्यादा आदेश जारी करेंगे, उनके उल्लंघन के मामले उतने ही बढ़ेंगे।

धर्मग्रन्थों का अध्ययन

भारतीय वांगम्य में विभिन्न धर्मग्रन्थ हैं । उन्हीं में से एक ग्रन्थ श्रीमद्भगवद् गीता और दूसरा ग्रन्थ उत्तरज्झयणाणि हैं । श्रीमद्भगवद् गीता भारतीय दर्शन में एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ हैं । उसका अध्ययन करने से ज्ञात होता हैं कि इसमें अध्यात्म का पथदर्शन किया गया हैं और जीवनोपयोगी दिशा- निर्देश भी दिया गया हैं । श्रीमद्भगवद् गीता ग्रन्थ में उपदेशकार श्रीकृष्ण है और मुख्यतया अर्जुन को संबोधित कर ज्ञान गंगा प्रवाहित की गईं हैं । श्रीकृष्ण की और से जो निर्देश दिए गए हैं , वे बहुत महत्वपूर्ण हैं । गीता का प्रारम्भ युद्ध की बात से होता हैं । युद्ध से प्रारम्भ हुआ यह ग्रन्थ हमको कितना आध्यात्मिक और मार्मिक संदेश अर्जुन को दे रहा हैं अथवा अर्जुन के माध्यम से हम श्रोताओं को दे रहा हैं । यह समझने की बात हैं । उसे एक दिशा निर्देशक, मार्गदर्शक ग्रन्थ के रूप में स्वीकार किया जा सकता हैं । कोई - कोई बात सबको मान्य न हो परन्तु सामान्य रूप से क़ाफी बातें ऐसी हैं जो हर आदमी के लिए पथदर्शन के रूप में हैं । उत्तरज्झयणाणि में कितने अध्यात्म के सूत्र और तत्त्वविधा की गाथाएं प्राप्त होती हैं । प्राकृत भाषा में जिसे उत्तरज्झयणाणि कहा जाता हैं , उसका संस्कृतिकरण या हिन्दीकरण उत्तराध्ययन हैं । गीता में जहां अठारह अध्याय हैं वहां उत्तराध्ययन सूत्र में छत्तीस अध्ययन हैं । इसमें घटना अथवा कथाओं के माध्यम से बड़ी सरसता के साथ आध्यात्मिक- वैराग्यवर्धक उपदेश दिया गया हैं । वह सिद्धान्त व दर्शन की बातें बताईं गईं हैं । हौसलों की बुलंदियों के साथ आत्मविश्वास के पंख लगा, लक्ष्य को पाने के जुनून को लिए जब हम मंजिल की ओर कदम बढ़ाते हैं तो सफलता स्वयं आगे बढ़कर गले लगाती हैं। और यही ख़ुशी अत्यंत प्रसन्नता लेकर आती हैं। वास्तव में जानने के बाद ज्ञानी के मन में अपने ज्ञान के बारे में प्रदर्शन करने की इच्छा ही नहीं रहती । इन्सान शान्त और सरल हो जाता है। उसके व्यहार में उसका ज्ञान झलकने लगता है।जैसे गहरी नदी शोर नहीं करती वैसे ही ज्ञान की गहराई ढिंढोरा नहीं पीटती। वह जो ज्ञान की गहराई में उतर जाता है, उसे भीतर ईश्वर मिल जाता है।उसका मौन ही उसका गवाह बन जाता है।

› प्रदीप छाजेड़



66
गोवंश के प्रति करुणा, सत्यनिष्ठा और मातृत्व के आदर्श को अभिव्यक्त करने वाला एक अत्यंत मार्मिक आख्यान पद्मपुराण के सृष्टिखंड में वर्णित नंदा गाय और व्याघ्र की कथा है।

जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा का पर्व दीपोत्सव : कथा-प्रथा



भारतीय संस्कृति में पर्व और त्योहार केवल उल्लास, उत्सव तथा परंपराओं के निर्वहन के माध्यम नहीं हैं, अपितु वे जीवन-दर्शन, आध्यात्मिक चेतना और मानवीय मूल्यों के संवाहक भी हैं। इन्हीं सांस्कृतिक पर्वों की श्रृंखला में दीपावली का स्थान अत्यंत विशिष्ट एवं महत्त्वपूर्ण है। कार्तिक अमावस्या की अंधकारमयी रात्रि में असंख्य दीपों का प्रज्वलन केवल घर-आँगन को आलोकित करने की परंपरा नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतर्मन में व्याप्त अज्ञान, अहंकार, लोभ, ईर्ष्या और नकारात्मकता को तिरोहित कर सत्य, सद्भाव, करुणा एवं सदाचार की प्रतिष्ठा करने का सांस्कृतिक उद्घोष है। वस्तुतः दीपोत्सव भारतीय जीवन-मूल्यों की वह सनातन अभिव्यक्ति है, जिसमें धर्म, दर्शन, लोकविश्वास, कृषि-संस्कृति और पारिवारिक आत्मीयता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है।

दीपावली की सर्वाधिक प्रचलित पौराणिक मान्यता भगवान श्रीराम के चौदह वर्षों के वनवास और रावण-वध के उपरांत माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या प्रत्यावर्तन से जुड़ी है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आगमन पर अयोध्यावासियों ने दीप प्रज्वलित कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की थी। यह प्रसंग केवल एक आदर्श राजा के राज्याभिषेक अथवा आगमन का उत्सव नहीं, बल्कि अन्याय पर न्याय, अधर्म पर धर्म और अहंकार पर मर्यादा की विजय का प्रतीक है। इसी प्रकार श्रीमद्भागवत महापुराण में वर्णित भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर के अत्याचारों से देवियों एवं जनसामान्य को मुक्ति दिलाने का आख्यान नरक चतुर्दशी की परंपरा से संबद्ध है। इन कथाओं का अंतर्निहित संदेश यही है कि जब मनुष्य अपने भीतर के अंधकार को परास्त करता है, तभी वास्तविक दीपावली घटित होती है।

दीपोत्सव की परंपरा का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष गोवंश और कृषि-संस्कृति के प्रति भारतीय समाज की कृतज्ञता भी है। प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था में गाय, बैल और अन्य पशुधन केवल आजीविका के साधन नहीं थे, बल्कि ग्रामीण जीवन की समृद्धि और आत्मनिर्भरता के आधार थे। गोपालन, दुग्ध उत्पादन, कृषि कार्य तथा परिवहन में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। इसीलिए दीपावली से संबद्ध विभिन्न लोकपरंपराओं में गोपूजन, गोवर्धन पूजा और पशुधन के अलंकरण की परिपाटी विकसित हुई। छत्तीसगढ़ के अनेक ग्रामीण अंचलों में गोवंश से जुड़ी लोकपरंपराएँ, राउत समुदाय का उत्सव और कर्मा जैसे लोकनृत्य इस सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं।

आख्यान के अनुसार, वन में चरते समय नंदा नामक गाय का सामना एक व्याघ्र से हो जाता है। मृत्यु के भय से विचलित होने के स्थान पर वह अपने भूखे बछड़े को अंतिम बार दूध पिलाने और फिर लौटकर आने का वचन देती है। व्याघ्र उसकी सत्यनिष्ठा पर विश्वास कर उसे जाने देता है। गाय अपने बछड़े को दूध पिलाकर उसे समस्त परिस्थिति से अवगत कराती है और पुनः अपने वचन का निर्वहन करने वन की ओर चल पड़ती है। अंततः उसके सत्य, मातृत्व और वचनपालन से व्याघ्र का हृदय परिवर्तित हो जाता है। यह कथा भारतीय लोकमानस में सत्य, करुणा, मातृप्रेम और प्राणिमात्र के प्रति संवेदनशीलता का अनुपम उदाहरण है। महाराष्ट्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में गाय और व्याघ्र से संबद्ध लोककथाएँ तथा वसुबारस जैसी परंपराएँ भी प्रचलित हैं। इन आख्यानों का मर्म यह है कि नैतिकता की प्रतिष्ठा मनुष्य तक सीमित नहीं, बल्कि समस्त जीव-जगत के प्रति दया और उत्तरदायित्व में निहित है। दीपोत्सव का एक अन्य महत्त्वपूर्ण प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने की कथा है। श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध में वर्णित इस प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार का शमन करते हुए ब्रजवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश दिया। गोवर्धन पूजा वस्तुतः पर्वत, वनस्पति, जल, पशुधन और पर्यावरण के संरक्षण की भारतीय चेतना का प्रतीक है। अन्नकूट की परंपरा में विविध प्रकार के अन्न एवं व्यंजनों का नैवेद्य अर्पित करना कृषि-समृद्धि और सामुदायिक सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करने का माध्यम है। धनतेरस से प्रारंभ होने वाला दीपोत्सव स्वास्थ्य, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नयन की कामना से भी जुड़ा हुआ है। समुद्र मंथन के पौराणिक आख्यान में भगवान धन्वंतरि का अमृतकलश के साथ प्राकट्य आयुर्वेद, आरोग्य और जीवन-संरक्षण की महत्ता को प्रतिष्ठित करता है। इसीलिए धनतेरस को धन्वंतरि जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन धन, आरोग्य और ऐश्वर्य के प्रतीक के रूप में भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी तथा भगवान कुबेर की उपासना की जाती है। भारतीय दर्शन में धन की सार्थकता उसके सदुपयोग में निहित है। जिस समृद्धि से समाज का कल्याण न हो, वह वास्तविक संपन्नता नहीं हो सकती।

धनतेरस पर यमदीपदान की परंपरा भी लोकविश्वासों में विशेष महत्त्व रखती है। प्रचलित लोककथा के अनुसार, राजा हेम के पुत्र की अल्पायु में मृत्यु की भविष्यवाणी हुई थी। किंतु उसकी पत्नी ने दीप प्रज्वलित कर रात्रि जागरण किया और अपने पति की रक्षा के लिए यमराज के आगमन का मार्ग अवरुद्ध कर दिया। इस कथा के आधार पर यमदीपदान को अकाल मृत्यु से रक्षा की मंगलकामना से जोड़ा जाता है। यह आख्यान हमें जीवन की अनिश्चितता के बीच आशा, प्रेम और पारिवारिक उत्तरदायित्व की महत्ता का बोध कराता है। कार्तिक अमावस्या को माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की संयुक्त उपासना दीपावली का केंद्रीय धार्मिक विधान है। माता लक्ष्मी धन, ऐश्वर्य, सौभाग्य और समृद्धि की अधिष्ठात्री हैं, जबकि भगवान गणेश विवेक, बुद्धि, शुभारंभ और विघ्नविनाश के प्रतीक हैं। दोनों की संयुक्त आराधना का आध्यात्मिक आशय यह है कि धन के साथ विवेक और समृद्धि के साथ सद्बुद्धि का होना अनिवार्य है। केवल संपत्ति अर्जित करना जीवन की सफलता नहीं है; उसका न्यायपूर्ण, नैतिक और लोककल्याणकारी उपयोग ही वास्तविक लक्ष्मी-प्राप्ति है। इसी अवसर पर बहीखातों, लेखनी और ज्ञानोपकरणों का पूजन भी कर्म, विद्या और व्यवसाय में शुचिता के महत्त्व को रेखांकित करता है। दीपोत्सव का उल्लास कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट तथा द्वितीया को भाई दूज के रूप में आगे बढ़ता है। भाई दूज से जुड़ी यम और यमुना की पौराणिक कथा भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और पारस्परिक संरक्षण का संदेश देती है।

– कुंवर शील वर्धन प्रताप नारायण सिंह

दीपावली के दौरान...

कुमार कृष्णन

दीपावली का उजाला प्रदूषण के अंधकार में न खो जाए

दीपावली भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जिसमें प्रकाश, उल्लास, आत्मीयता और सामाजिक मेलजोल का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। घरों में दीप जलते हैं, आंगन में रंगोली सजती है, मंदिरों में पूजा होती है और लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों तथा बच्चों के बीच मिठाइयां और उपहार बांटकर खुशियां साझा करते हैं। दीपावली केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। लेकिन इस उत्सव का एक दूसरा पक्ष भी है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस पर्व का समापन प्रकाश और प्रसन्नता के साथ होना चाहिए, उसका एक बड़ा हिस्सा हम अपने पर्यावरण में धुआं, जहरीले कण और कचरा छोड़कर समाप्त करते हैं।

दीपावली के अवसर पर कई दिनों तक चलने वाली आतिशबाजी वातावरण की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। पटाखों से निकलने वाला धुआं केवल कुछ समय के लिए दिखाई देने वाला धुआं नहीं होता, बल्कि उसमें मौजूद सूक्ष्म कण और रासायनिक प्रदूषक मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। पटाखों में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न रासायनिक पदार्थों के जलने से सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और धातुओं के सूक्ष्म कण वातावरण में पहुंचते हैं। इनके साथ पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे प्रदूषक हवा में घुल जाते हैं। पीएम 2.5 के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि सांस के साथ फेफड़ों के भीतर गहराई तक पहुंच सकते हैं और कुछ परिस्थितियों में रक्तप्रवाह तक में प्रवेश कर सकते हैं।

दीपावली के बाद अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता खराब होने और धुंध बढ़ने की समस्या सामने आती है। आतिशबाजी से निकले धुएं और पहले से मौजूद प्रदूषण के मिलने से वातावरण में प्रदूषकों का स्तर बढ़ सकता है। इसका असर केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी महसूस किया जाता है। पटना, दिल्ली, लखनऊ और अन्य शहरी क्षेत्रों में दीपावली के बाद हवा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। हवा में प्रदूषकों की अधिकता से दृश्यता कम होती है और सांस लेने में परेशानी बढ़ती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण का संबंध हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों के कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और श्वसन संक्रमण जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से है।

दीपावली के दौरान प्रदूषण का तत्काल प्रभाव आंखों में जलन, गले में खराश, खांसी, सांस लेने में कठिनाई और एलर्जी के रूप में दिखाई दे सकता है। दमा और ब्रोंकाइटिस से पीड़ित लोगों के लिए यह स्थिति अधिक गंभीर हो सकती है। पहले से हृदय और फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे लोगों को भी अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बच्चे, बुजुर्ग और नवजात शिशु इस प्रदूषण के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। बच्चों के फेफड़े विकसित होने की प्रक्रिया में होते हैं। ऐसे में प्रदूषित हवा उनके स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकती है। बुजुर्गों में पहले से मौजूद सांस और हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसलिए दीपावली के नाम पर होने वाली आतिशबाजी को केवल व्यक्तिगत पसंद या मनोरंजन का विषय मानना उचित नहीं है। इसका असर उन लोगों पर भी पड़ता है, जो स्वयं पटाखे नहीं जलाते।

आतिशबाजी से निकलने वाले रासायनिक पदार्थों में बेरियम, स्ट्रॉन्शियम, तांबा, एल्युमिनियम और अन्य धातुओं के यौगिक इस्तेमाल किए जा सकते हैं। अलग-अलग पटाखों की रासायनिक संरचना अलग होती है। इनके जलने के बाद कुछ पदार्थ हवा में सूक्ष्म कणों के रूप में फैलते हैं और कुछ अवशेष जमीन पर जमा हो जाते हैं। बारिश या पानी के बहाव के साथ ये पदार्थ मिट्टी और जलस्रोतों तक पहुंच सकते हैं। इस तरह आतिशबाजी का असर केवल वायुमंडल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पर्यावरण के दूसरे घटकों को भी प्रभावित कर सकता है। दीपावली के दौरान ध्वनि प्रदूषण भी एक गंभीर समस्या बन जाता है। तेज आवाज वाले पटाखों के विस्फोट से कानों पर अचानक तीव्र ध्वनि का दबाव पड़ता है। बहुत तेज आवाज से सुनने की क्षमता को स्थायी नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। इसके अलावा तेज आवाज से घबराहट, बेचैनी, नींद में बाधा और तनाव जैसी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। हृदय रोगियों, उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों, छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए लगातार होने वाले धमाके विशेष रूप से कष्टदायक होते हैं। इसका असर केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है। पशु-पक्षियों के लिए भी आतिशबाजी का शोर भय और तनाव का कारण बनता है। पालतू कुत्ते-बिल्लियां तेज आवाज से घबरा जाते हैं। पक्षियों की सामान्य गतिविधियां बाधित होती हैं। कई बार वे भयभीत होकर अपने ठिकानों से उड़ जाते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो सकते हैं। प्रकृति के साथ सहअस्तित्व भारतीय संस्कृति के मूल विचारों में शामिल रहा है। ऐसे में हमारे उत्सवों का स्वरूप ऐसा होना चाहिए, जिसमें मनुष्य के साथ दूसरे जीवों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए।

वर्तमान में चंदा ...

बी0एल0 यादव

स्वयं सहायता समूह की सदस्या ने नर्सरी उद्यम स्थापित कर मासिक आय में की बढ़ोत्तरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को नई दिशा मिली है। प्रदेश सरकार की नीतियों का लाभ लेते हुए महिलायें आत्मनिर्भर हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर ग्रामीण महिलाए आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। मिर्जापुर जिले के सिटी विकास खंड के धौरुपुर गांव की निवासी चंदा देवी ने विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत नहीं हारी और अपने अनुभव व मेहनत के बल पर नर्सरी व्यवसाय को आगे बढ़ाकर आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह बनाई है। आज उनकी नर्सरी न केवल परिवार की आजीविका का मजबूत आधार बनी है, बल्कि चार अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा रही है।

कक्षा 12 तक शिक्षित 39 वर्षीय चंदा देवी के जीवन में पति के निधन के बाद कठिन परिस्थितियां आ गईं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। उनके पति छोटे स्तर पर पौधों की नर्सरी चलाते थे। पति के साथ काम करने के दौरान चंदा देवी ने पौधों की देखभाल, मौसम के अनुसार पौधे तैयार करने और ग्राहकों की मांग को समझने का अनुभव प्राप्त किया था। इसी अनुभव को अपनी ताकत बनाकर उन्होंने पति के नर्सरी व्यवसाय को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। अपनी बचत से रू 1.50 लाख का निवेश कर उन्होंने नए सिरे से नर्सरी का संचालन शुरू किया। शुरुआत में सीमित संख्या में पौधों के साथ काम शुरू करने वाली चंदा देवी ने धीरे-धीरे बाजार की मांग और ग्राहकों की पसंद के अनुरूप अपने व्यवसाय का विस्तार किया। इस दौरान उनका जुड़ाव उद्यमिता विकास परियोजना से हुआ । सामुदायिक बैठकों, समूह चर्चाओं और कैनवास गतिविधियों में भाग लेने से उन्हें उद्यम प्रबंधन, व्यवसाय विस्तार, तकनीकी जानकारी, वित्तीय प्रबंधन और विपणन के संबंध में उपयोगी मार्गदर्शन मिला ।

नर्सरी के विस्तार के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता सामने आने पर परियोजना टीम ने उनके उद्यम का आकलन किया। इसके बाद हिम्मत प्रेरणा महिला संकुल समिति के माध्यम से उन्हें रू 1 लाख का ऋण उपलब्ध कराया गया। इस सहयोग से चंदा देवी नर्सरी में अधिक संख्या में पौधे रख सकीं और अपने व्यवसाय को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ा सकीं। उन्हें बैनर, विजिटिंग कार्ड, रजिस्टर, बही-खाता, उद्यम पंजीकरण, विपणन और गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे उनके व्यवसाय के संचालन और प्रबंधन को मजबूती मिली।

वर्तमान में चंदा देवी की नर्सरी में फूलदार, सजावटी, फलदार, छायादार और घरों व बगीचों में लगाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पौधे उपलब्ध हैं। वे अपने उद्यम से जुड़े निर्णय और वित्तीय लेन-देन स्वयं करती हैं। उनकी मेहनत और बेहतर प्रबंधन का परिणाम है कि पहले जहां उनकी मासिक आय लगभग रू 8,000 थी, वहीं अब बढ़कर रू 20,000 हो गई है। इससे बच्चों की पढ़ाई और परिवार की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिल रही है।

चंदा देवी का उद्यम आर्थिक स्वावलंबन के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहा है। पौधों की बिक्री के माध्यम से क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा मिल रहा है।

जरा हटके

कुकुवार की यह ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

जनपद प्रतापगढ़ में बढ़ी शुद्ध पेयजल की अविरल धार

केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु संचालित 'जल जीवन मिशन' जनपद प्रतापगढ़ में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन रहा है। जनपद के विकास खण्ड पट्टी की ग्राम पंचायत कुकुवार में स्थापित ग्रामीण पाइप पेयजल योजना इस राष्ट्रीय संकल्प के प्रभावी क्रियान्वयन की मिसाल बनकर उभरी है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल सुलभ कराने की यह महत्वाकांक्षी पहल ग्रामीणों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार ला रही है।

विगत वर्षों में ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही कुकुवार सहित जनपद प्रतापगढ़ के ग्रामीण अंचलों में पेयजल का विकट संकट उत्पन्न हो जाता था। भूजल स्तर अत्यधिक नीचे चले जाने के कारण पारंपरिक हैंडपंप एवं कुएं पूरी तरह निष्प्रभावी हो जाते थे। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को दूर-दराज के स्रोतों से पानी ढोना पड़ता था। इस विषम परिस्थिति से ग्रामीणों का समय और श्रम नष्ट होने के साथ-साथ परिवार का स्वास्थ्य भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता था।

इस दीर्घकालिक समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा ग्राम स्तर पर ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्राम सभा कुकुवार द्वारा तत्परता दिखाते हुए आवश्यक भूमि चिन्हित कर कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित की गई। भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित होते ही तकनीकी मानकों के अनुरूप नलकूप बोरिंग, उच्च जलाशय (ओवरहेड टैंक), पंप हाउस और वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।

ग्रामीणों की सुविधा और कार्य की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा पाइप-लाइन बिछाने के उपरांत मार्गों के रेस्टोरेशन (पुनर्स्थापन) का कार्य अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया गया। विभागीय तकनीकी दल द्वारा निरन्तर स्थलीय निरीक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर क्षतिग्रस्त रास्तों की समयबद्ध मरम्मत कराई गई। इस प्रभावी प्रशासनिक समन्वय के फलस्वरूप गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना पेयजल परियोजना का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात ग्राम पंचायत कुकुवार में उच्च जलाशय से दबावयुक्त शुद्ध जलापूर्ति विधिवत प्रारंभ कर दी गई है। वर्तमान में ग्राम के प्रत्येक घर को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन से आच्छादित किया जा चुका है। निर्धारित मानकों के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर सुरक्षित पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित होने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भी जल संकट से पूर्ण राहत मिली है तथा पारम्परिक जलस्रोतों पर उनकी निर्भरता समाप्त हो गई है।

प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचने का सर्वाधिक लाभ ग्रामीण जनस्वास्थ्य पर परिलक्षित हो रहा है। शुद्ध जल प्राप्त हो जाने से जलजनित बीमारियों जैसे डायरिया, पेचिश और पेट से सम्बन्धित संक्रमणों में भारी कमी दर्ज की गई है। इसके साथ ही महिलाओं को पानी लाने की कठिन शारीरिक मशक्कत से मुक्ति मिली है, जिससे वे अपने समय का सदुपयोग आजीविका संवर्धन, स्वयं सहायता समूहों और पारिवारिक कल्याण में कर पा रही हैं।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल की निरंतर शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु त्रिस्तरीय निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। प्रदेश सरकार की नीति के अनुरूप जनपद प्रतापगढ़ में जल गुणवत्ता परीक्षण के लिए ग्राम पंचायत की महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। ये प्रशिक्षित महिलाएं नलों से मिलने वाले पानी की नियमित रासायनिक एवं जीवाणुजनित जांच करती हैं तथा आंकड़ों को राज्य के डिजिटल पोर्टल पर दर्ज करती हैं, जिससे सुरक्षित पेयजल आपूर्ति का विश्वास और मजबूत हुआ है।

योजना की दीर्घकालिक स्थिरता और संरक्षण के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा सामुदायिक स्वामित्व को बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित 'पानी समिति' को परिसम्पत्तियों के संचालन एवं अनुरक्षण का दायित्व सौंपा गया है। यह समिति नियमित जलापूर्ति, मामूली तकनीकी खामियों के त्वरित सुधार तथा जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। ग्राम सभा द्वारा जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को जल अपव्यय रोकने और संचयन के प्रति निरन्तर प्रेरित किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत कुकुवार में स्वच्छता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए अपशिष्ट जल (ग्रे-वाटर) के सुरक्षित निस्तारण की भी समुचित व्यवस्था की गई है। नलों के उपयोग से निकलने वाले अतिरिक्त जल के प्रबन्धन हेतु व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सोकपिट का निर्माण कराया गया है, जिससे रास्तों पर जलभराव समाप्त हुआ है। साथ ही, जिला प्रशासन द्वारा जल स्रोतों के पुनर्भरण हेतु ग्राम में स्थित पारंपरिक सरोवरों के जीर्णोद्धार का कार्य भी मिशन मोड में कराया जा रहा है।

कुकुवार की यह उपलब्धि जनपद प्रतापगढ़ के ग्रामीण परिदृश्य में दर्ज हो रहे व्यापक कायाकल्प की एक बेहतरीन झलक है। जिला प्रशासन के सतत अनुश्रवण में जनपद के समस्त विकास खण्डों के हजारों राजस्व ग्रामों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। कुकुवार में अंतर-विभागीय समन्वय, स्थानीय जन-सहयोग और पारदर्शी कार्यशैली का जो प्रारूप अपनाया गया, वह जनपद की अन्य पेयजल परियोजनाओं के लिए भी एक पथ-प्रदर्शक के रूप में कार्य कर रहा है।

कुकुवार के प्रत्येक घर में पहुंच रही नल की यह अविरल धारा न केवल ग्रामीणों की प्यास बुझा रही है, बल्कि ग्रामीण सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और उत्तर प्रदेश सरकार के 'स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव' के संकल्प को यथार्थ के धरातल पर साकार कर रही है।

10 देशों के ड्राईफ्रूट से बनी गोल्ड प्लेटेड, पटाखेवाली, टर्की बकलावा, अंजीर की डिमांड

60-हजार रुपए किलो बिक रही लखनऊ में सोने की मिठाई

खरीदारी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में इस दिवाली फिर से 60 हजार रुपए किलो वाली मिठाई की जबरदस्त बिक्री हो रही है। यह सोने की मिठाई 10 देशों के ड्राई फ्रूट से बनी है। सामान्य व्यक्तियों के अलावा यह बीमारों के लिए भी फायदेमंद है।

गोल्ड प्लेटेड मिठाई के साथ इस बार पटाखेवाली मिठाई भी मार्केट में आई है। अंजीर, खजूर और मैंगो की मिठाई मिल रही है। छेना, खोया, मोतीचूर के लड्डू, टर्की बकलावा, मिल्क केक, सोन पापड़ी, वाइट चॉकलेट और खजूर की मिठाई भी



खूब बिक रही है। मिठाइयों में जायके के साथ स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मिठाई पर मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट दर्ज की जा रही है। सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाली सुपर-लग्जरी गोल्ड प्लेटेड मिठाई है। दुकानदार क्षितिज ने बताया कि हमारी दुकान की सबसे यूनीक मिठाई सोने की परत वाली एग्जॉटिका है जिसकी कीमत 60 हजार रुपए किलो है। सबसे महंगी मिठाई बनाने की शुरुआत साल 2009 में हुई थी, तब उसकी कीमत 25 हजार प्रति किलो थी। इसकी खासियत ये है कि दुनिया के अलग-अलग कोनों की चीज इस्तेमाल हुई है। USA की ब्लूबेरी, ईरान का पिस्ता, अफगानिस्तान का बादाम, साउथ अफ्रीका का मैकाडामिया नट्स, ब्राजील नट्स, किन्नौर का चिलगोजा, कश्मीर का केसर और सोने की परत इसे खास बताती है। इस खास मिठाई को हम लोग संदूक में सजा कर रखते हैं। मिठाई के एक बाइट में आदमी पूरे विश्व के जायके को चख लेता है।

शर्मा स्वीट्स हाउस के मालिक दिनेश शर्मा ने बताया कि मिठाइयों में 50 से अधिक वैरायटी है। मगर इस बार इंजीर की कटलेट, खजूर लड्डू और मैंगो बाइट विशेष रूप से तैयार किया गया है। अंजीर और खजूर को की मिठाई डायबिटीज और बीपी जैसे मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रीमियम मिठाइयां हैं, जिसमें भुने हुए ड्राई फ्रूट डालते हैं, जो जायके को और बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि मैंगो बाइट 1000 रुपए प्रति किलो है। काजू कतली की शुरुआत 1400 से लेकर 5000 रुपए प्रति किलो है। गिफ्ट पैकिंग में 1500 से लेकर 5000 तक की मिठाइयां लोग खरीद रहे हैं।

पूरे शहर में 3000 से अधिक छोटी बड़ी मिठाई की दुकानें सजी हैं। व्यापारियों ने बताया कि मिठाई में बड़े-बड़े कॉर्पोरेट ऑर्डर मिल रहे हैं। दीवाली के अंतिम दिन तक लोग मिठाई खरीदने हैं और गिफ्ट के रूप में पैक करवाते हैं। इस के अनुसार 400 करोड़ से अधिक मिठाई के कारोबार होने की उम्मीद है।

20 रुपए से 3 हजार तक हैंपर्स की कीमत

प्रसिद्ध छप्पन भोग ने इस बार दिवाली गिफ्टिंग के लिए बेहद क्रिएटिव अंदाज अपनाया है। यहां मिठाइयों और ड्राई फ्रूट्स को पारंपरिक डिब्बों के बजाय लाल रंग के सिलेंडरनुमा पटाखे, हरे सुतली बम, अनार और चकरी के आकार वाले खास कंटेनरों में पैक किया जा रहा है।

इतना ही नहीं, पेपर हॉट एयर बैलून की थीम पर सजे आकर्षक गिफ्ट हैंपर्स भी ग्राहकों को खूब लुभा रहे हैं। इस अनोखी और प्रीमियम पैकिंग वाले हैंपर्स की कीमत 20 रुपए से शुरू होकर 3,000 रुपए तक रखी गई है।



इस बार दीवाली के लिए तरह-तरह के गिफ्ट पैक किए गए हैं।

लखनऊ में धनतेरस पर 2800 करोड़ का व्यापार

ज्वेलरी-ऑटो सेक्टर सबसे ज्यादा चमके

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में धनतेरस पर बाजार गुलजार रहे। आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर ऑटोमोबाइल शोरूम तक हर तरफ ग्राहकों की भीड़ नजर आई। राजधानी में धनतेरस के मौके पर करीब 2800 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। व्यापारियों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

धनतेरस को लेकर बाजारों में पहले से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। कई ग्राहकों ने गुरुवार को ही सामान पसंद कर एडवांस बुकिंग करा दी थी, ताकि त्योहार के दिन बिना इंतजार किए डिलीवरी मिल सके। शुक्रवार को दुकानों और शोरूम में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। ग्राहकों के उत्साह से दुकानदार भी खासे उत्साहित दिखाई



दिए। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार, राजधानी में करीब 80 करोड़ रुपये के दोपहिया वाहन और 400 करोड़ रुपये के चारपहिया वाहन बिके। ज्वेलरी सेक्टर में करीब 350 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। इस बार इलेक्ट्रिक वाहनों की भी अच्छी मांग रही। सराफा बाजार में हल्के वजन के गहने ग्राहकों की पहली पसंद बने रहे। वहीं बर्तन की दुकानों पर भी सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ लगी रही।

फास्ट न्यूज

टक्कर मारने का बहाना बनाकर युवक का मोबाइल चुराया

लखनऊ । लखनऊ के नहरिया चौराहे पर सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मारने का बहाना बनाकर दो शातिरों ने मोबाइल चोरी कर लिया। आरोपियों ने पहले युवक से विवाद किया और फिर ध्यान भटकाकर उसकी लोअर की जेब से मोबाइल निकाल लिया। वारदात के बाद दोनों स्प्लेंडर बाइक से फरार हो गए। पूरी घटना करीब 30 सेकंड में हुई।

बाइक की ईएमआई भरने के लिए अपार्टमेंट में की चोरी

लखनऊ। लखनऊ में फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 28 अक्टूबर को अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट से लैपटॉप, मोबाइल, घड़ी और बच्चों की दो गुल्लकों में रखे रुपए चोरी किए थे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक घड़ी, मोबाइल फोन और 5,230 रुपए बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में अयोध्या के रितिक तिवारी उर्फ हैपी पर सात और बृजेश तिवारी पर दो मुकदमे दर्ज हैं। घटना गोमतीनगर विस्तार के अलकनंदा अपार्टमेंट की है।

यूनिटी कॉलेज में 'जश्न-ए-सुखन' कार्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ में यूनिटी कॉलेज में 7 नवंबर को 'जश्न-ए-सुखन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र ग्रंथों के पाठ और प्रधानाचार्य दीपक मेरविन मैथ्यूज के स्वागत भाषण से हुई। मुख्य अतिथि डॉ. शबनम रिज़वी रहीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्राइमरी के बच्चों ने नज़्म पेश की, जबकि सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने नाटक प्रस्तुत किया।

कर्मचारी को छोड़ने के लिए 5 लाख की फिरौती मांगी

लखनऊ में पीड़ित मां के पास व्हाट्सएप कॉल आई 7 दिन से लापता है

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ के बंथरा में रमाडा होटल से लापता हुए पशुपालन विभाग के कर्मचारी ऋषभ त्रिपाठी को छोड़ने के लिए फिरौती मांगी गई है। 7 दिन से उनका कोई सुराग नहीं अब तक नहीं मिला पाया है। वह स्टॉल लगाने के लिए होटल गए थे, इसके बाद वहीं से लापता हो गए थे।

पीड़ित मां ने पुलिस से बेटे को खोजने की गुहार लगाई है। शुक्रवार को ऋषभ की मां को एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी। इसके बादल ने बेटे को छोड़ने की बात कहीं। पीड़ित मां ने तत्काल पुलिस को कॉल के बारे में सूचना दी।

ऋषभ के साथी और पशुपालन विभाग के निदेशालय में वरिष्ठ सहायक अतुल प्रकाश ने 31 अक्टूबर को बंथरा थाने में उसकी



गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

सोनिया के मुताबिक, छह नवंबर को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने पांच लाख रुपये देने पर ऋषभ को बताई गई जगह पर छोड़ने की बात कही। इसके बाद सोनिया ने बंथरा पुलिस को सूचना दी और संदिग्ध लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर सर्विलांस सेल की मदद से पता लगाना शुरू किया है।

पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी ऋषभ

आशियाना के सेक्टर एन निवासी सोनिया त्रिपाठी के मुताबिक, उनका 28 वर्षीय बेटा ऋषभ पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। वह 30 अक्टूबर को अपने कार्यालय के कर्मचारियों के साथ रमाडा होटल में स्टॉल लगाने गया था।

सोनिया ने बताया कि शाम करीब छह बजे उनकी ऋषभ से फोन पर बात हुई थी। रात 11 बजे फोन किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। अगले दिन सहकर्मियों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।

ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं, शौचालय के पास बैठकर सफर कर रहे यात्री

दीपावली पर घर लौटने वालों की चारबाग स्टेशन पर भीड़

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में दिवाली से पहले घर जाने के लिए शनिवार शाम चारबाग स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ी पड़ी। हालात ऐसे हैं कि लोगों के पैर रखने की जगह नहीं है। ट्रेनों में बैठने के लिए सीट तक नहीं मिल रही है। ट्रेन रुकते ही बोगियों में चढ़ने के लिए गेट पर भीड़ लग जा रही है। यात्रियों में धक्का-मुक्की हो रही है।

शाम को चारबाग रेलवे स्टेशन पर ज्यादातर ट्रेनों में यात्रियों को बैठने के लिए सीट तक नहीं मिल रही है। कई यात्री शौचालय के पास और कोच के गलियारों में बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। प्लेटफॉर्म से लेकर स्टेशन परिसर तक यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई है।

लखनऊ से बनारस जाने वाली



ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। ट्रेन के जनरल और अन्य कोचों में यात्रियों की संख्या काफी अधिक रही। स्थिति यह रही कि ज्यादातर यात्रियों को सीट नहीं मिल सकी। ऐसे में लोग शौचालय के बगल में खाली जगह पर बैठकर सफर करते नजर आए। कई यात्री कोच के गलियारों में भी जगह बनाकर बैठे हुए थे। त्योहार पर घर पहुंचने की मजबूरी के चलते लोग असुविधाओं के बीच भी यात्रा करने को मजबूर हैं।

यात्रियों की भीड़ का असर स्टेशन के मुख्य परिसर में भी दिखाई दिया। प्रवेश और निकास द्वार के आसपास लोगों की आवाजाही बढ़ी रही। ऑटो, ई-रिक्शा और निजी वाहनों से स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों के कारण परिसर में भी हलचल बनी रही।



ट्रेन के गेट पर यात्री बैठकर यात्रा कर रहे हैं। वहीं छोटे बच्चे गलियारे में बैठे है।

चारबाग स्टेशन पर बढ़ी यात्रियों की आवाजाही

दीपावली का त्योहार मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों और अपने गृह जनपदों की ओर जा रहे हैं। इसके चलते चारबाग रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही यात्रियों की भीड़ जुटने लगी। कोई परिवार के साथ सामान लेकर ट्रेन का इंतजार करता नजर आया तो कोई प्लेटफॉर्म पर अपनी ट्रेन की जानकारी लेता रहा। ट्रेनों के आने और रवाना होने के दौरान प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की आवाजाही और बढ़ गई।

लिखा- 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे, सामान्य वर्ग को साधने की कोशिश

लखनऊ में होर्डिंग : 'सवर्ण चाह दिखाएगा पीडीए सीएम बनाएगा'

संदेश

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में होर्डिंग के जरिए सियासी संदेश देने का सिलसिला लगातार तेज हो रहा है। शनिवार को छोटी दीपावली के मौके पर समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर एक नया होर्डिंग लगाया गया। इसके जरिए सपा ने सवर्णों को साधने की कोशिश की गई। इसमें 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का दावा किया गया है। साथ ही लोक भवन की तस्वीर लगाकर उसकी दूरी शून्य किलोमीटर (0 KM) दिखाई गई है। होर्डिंग पर स्लोगन लिखा है- 'सवर्ण चाह दिखाएगा, पीडीए CM



सपा मुख्यालय के बाहर लगा नया होर्डिंग।

बनाएगा, अखिलेश भैया को 2027 में अवश्य मुख्यमंत्री बनाएगा।' होर्डिंग पर सवर्णों को PDA के साथ जोड़ने का संदेश दिया गया है। इसे सपा नेता डॉ. राहुल शुक्ला ने लगवाया है।

इससे पहले 29 अक्टूबर को अमेठी के रहने वाले सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने एमएलसी जीत की खुशी में होर्डिंग्स लगवाई थी। उसमें 'PDA का संदेश, 2027 में आ रहे हैं अखिलेश' लिखकर आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी संदेश दिया था।



सबको साथ लेकर चलने का नाम है पीडीए

होर्डिंग लगवाने वाले डॉ. राहुल शुक्ला ने कहा कि अखिलेश यादव सबको साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। वह बुजुर्गों का सम्मान करते हैं और युवाओं के साथ ही आने वाली पीढ़ी के भविष्य की भी चिंता करते हैं। PDA का मतलब ही सबको साथ लेकर चलना है।

इसी सोच के साथ समाजवादी पार्टी के परचम तले हर वर्ग और समुदाय को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने पर प्रदेश के विकास की नई तस्वीर सामने आएगी।

ट्रैक्टर के नीचे दबकर युवक की मौत दो भतीजों को भी चोटें आईं

लखनऊ । लखनऊ में शनिवार सुबह खेत से पयार लादकर घर लौट रहे युवक की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मौत हो गई। हादसे के दौरान युवक ट्रैक्टर के स्टेयरिंग और सीट के बीछ फंसकर नीचे दब गया। उसके साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार दो भतीजों को हल्की चोटें आईं। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान भगवंत खेड़ा निवासी अभिषेक यादव (25) के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शनिवार शाम चार बजे शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना माल इलाके की है। भगवंत खेड़ा निवासी अभिषेक यादव शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे अपने खेत से पयार लादकर घर लौट रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर उनके दो भतीजे देवम और नैतिक भी सवार थे। खेत से आगे निकलने के बाद अभिषेक ट्रैक्टर को ऊंची मेड़ से सड़क पर चढ़ा रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।

अश्विनी वैष्णव ने आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया





तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज दिवाली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने की तैयारियों, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण करने के लिए आनंद विहार रेलवे स्टेशन का दौरा किया।

आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर हर साल त्योहारों के मुख्य समय, विशेष रूप से दिवाली और छठ के दौरान यात्रियों की भारी आवाजाही होती है। सुचारू संचालन और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय रेलवे ने स्टेशन परिसर में नए विकसित होल्डिंग एरिया (प्रतीक्षा क्षेत्र) जैसी व्यापक व्यवस्थाएं लागू की हैं।

अपने दौरे के दौरान श्री अश्विनी वैष्णव ने उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के बारे में प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया (फ़ीडबैक) लेने के लिए यात्रियों से बातचीत की। यात्रियों ने स्टेशन पर की गई उन्नत व्यवस्थाओं और सुचारू प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री अश्विनी वैष्णव ने जोर देकर कहा कि भारतीय रेलवे यात्री सुविधाओं को उन्नत करने और यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए दिन-प्रतिदिन निरंतर सुधार कर रही है। त्योहारी सीजन में मांग को पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अतिरिक्त विशेष ट्रेन सेवाओं का संचालन शुरू किया गया है, साथ ही रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के जवानों की तैनाती बढ़ाई गई है ताकि त्योहारों के दौरान सुरक्षा और सुगम भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

कारोबार: 2 करोड़ से ज्यादा की 4 कार बिकी, 1 करोड़ से महंगी 20 कारें लोगों ने खरीदीं

धनतेरस पर 2.86 करोड़ की बीएमडब्ल्यू बिकी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में इस बार धनतेरस पर लग्जरी कारों की खरीदारी पर जमकर पैसा बरसा। 20 अक्टूबर से 6 नवंबर यानी दशहरे से धनतेरस तक शहर में करीब ढाई हजार कारों की बिक्री हुई। इनमें दो करोड़ रुपए से अधिक कीमत वाली चार कारें और एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत वाली 20 कारें शामिल हैं। सबसे महंगी कार BMW X6 2.86 करोड़ रुपए में बिकी। वहीं, BMW i7 की ऑन-रोड कीमत 2.80 करोड़ रुपए तक है। इस दौरान लग्जरी कारों के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग भी तेजी से बढ़ी। मर्सिडीज और ऑडी कारों की डिमांड भी अधिक रही। BMW के शोरूम में करीब 45 कारों की डिलीवरी हुई, जबकि MG





की मैजेस्टर की 15 और विंडसर की 80 से 100 तक गाड़ियां बिकीं। शोरूम से मिली जानकारी के मुताबिक, BMW X6 की एक्स-शोरूम कीमत 1.77 करोड़ और ऑन-रोड कीमत करीब 2.86 करोड़ रुपए है। BMW i7 की एक्स-शोरूम कीमत 2.65 करोड़ और ऑन-रोड कीमत करीब 2.80 करोड़ रुपए है। BMW M4 की एक्स-शोरूम कीमत 1.10 करोड़ और ऑन-रोड कीमत करीब 1.30 करोड़ रुपए है। वहीं BMW i5 की एक्स-शोरूम कीमत 79.60 लाख और ऑन-रोड कीमत करीब 84 लाख रुपए है। परमप्रीत कौर के मुताबिक, अल्ट्रा लग्जरी और परफॉर्मेंस कारों में BMW M2, M4 और M40i जैसे मॉडल की मांग रही। धनतेरस के आसपास तीन से चार अल्ट्रा लग्जरी कारों की डिलीवरी की गई।

करोड़ों की कारों के लिए खुले ग्राहकों के पर्स

इस फेस्टिव सीजन में लखनऊ के लग्जरी कार बाजार में करोड़ों की गाड़ियों का खास क्रेज देखने को मिला। करोड़ों रुपए की कारें इस बार धनतेरस पर ग्राहकों ने खरीदी है। एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत वाली 20 कारों की बिक्री हुई। इससे साफ है कि शहर में लग्जरी कारों का बाजार लगातार विस्तार कर रहा है। बड़े कारोबारी, उद्योगपति और प्रीमियम सेगमेंट के ग्राहक महंगी गाड़ियों को पसंद कर रहे हैं।

बीएमडब्ल्यू के चिनहट स्थित शोरूम में इस फेस्टिव सीजन करीब 45 कारों की डिलीवरी की गई। शोरूम की मार्केटिंग हेड परमप्रीत कौर के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस बार बुकिंग में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। बीएमडब्ल्यू के साथ मिनी ब्रांड की कारों को भी ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिला।

125 साल पुराने आजाद पटाखा दुकान में उमड़ी भीड़

ग्राहकों की कतारें लगीं, चौथी पीढ़ी संभाल रही कारोबार की जिम्मेदारी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । दीपावली के त्योहार को लेकर लखनऊ में लोगों में उत्साह है। बाजारों से लेकर गलियों तक रौनक दिखाई दे रही है। लोग घरों को सजाने के साथ दीपावली के लिए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, पटाखों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। हर साल लोग बड़ी संख्या में यहां पटाखे खरीदने के लिए पहुंचते हैं।

दुबग्गा स्थित आजाद पटाखे की दुकान पर सुबह से ही पटाखे खरीदने वालों का पहुंचना शुरू हो गया। दिन चढ़ने के साथ यहां ग्राहकों की संख्या बढ़ रही है। इलाके में यह मानी-जानी दुकान है।125 सालों से यह दुकान पटाखों



की बिक्री के लिए मशहूर है। दुकानदार बताते हैं कि वह चौथी पीढ़ी है, जो इस कारोबार को कर रहे हैं। दुबग्गा स्थित आजाद पटाखे की दुकान पर अलग-अलग तरह के पटाखे खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। ग्राहकों को यहां सस्ते दामों पर पटाखे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी वजह से दुकान पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। परिवार के साथ पहुंचे लोग अपनी पसंद के पटाखे खरीदते नजर आए। दुकान पर हो रही जबरदस्त बिक्री से व्यापारियों के चेहरे पर भी उत्साह दिखाई दे रहा है। आजाद पटाखे की दुकान की पहचान केवल बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका इतिहास भी काफी पुराना है। दुकानदार के मुताबिक, पटाखों का यह कारोबार करीब 125 साल पुराना है। परिवार की चार पीढ़ियां इस कारोबार को आगे बढ़ा चुकी हैं और अब चौथी पीढ़ी इसकी जिम्मेदारी संभाल रही है। इतने लंबे समय से कारोबार से जुड़े होने के कारण आजाद पटाखे की लखनऊ में अलग पहचान बनी हुई है।

कश्मीर के आतंकी संगठन ने ली जिम्मेदारी, एटीएस पहुंची, सुरक्षा एजेंसी मामले की जांच में जुटी

गाजियाबाद पुलिस चौकी धमाका दिल्ली नंबर की संदिग्ध स्कूटी मिली

दावा

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में वसुंधरा पुलिस चौकी में धनतेरस की रात हुए ब्लास्ट को लेकर कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। दावा किया जा रहा है कि एलिवेटेड रोड से विस्फोटक नीचे चौकी पर फेंका गया। वहां दिल्ली नंबर की संदिग्ध स्कूटी भी मिली है। सुरक्षा एजेंसी मामले की जांच में जुट गई है। इससे पहले, ATS, बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। सोशल मीडिया पर कश्मीर के आतंकी संगठन की तरफ से धमाके की



जिम्मेदारी लेने के बाद आतंकी साजिश की भी जांच की जा रही है। डीआईजी एटीएस अभिषेक यादव के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू कर दी है। धमाका इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 9 बजे के बीच हुआ। धमाका इतना तेज था कि चौकी के कमरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। एसी क्षतिग्रस्त हो गए और दीवार में दरार आ गई। घटना के वक्त चौकी में एक सब-इंस्पेक्टर मौजूद था। गनीमत रही कि उसे कुछ नहीं हुआ। हालांकि, चौकी के

जब्त पटाखों में विस्फोट की भी आशंका

आसपास के लोगों का कहना है कि चौकी में पुलिसकर्मी इलाके में अवैध रूप से बिकने वाले पटाखों को जब्त करके रखते थे। शायद उसकी से धमाका हुआ हो। हालांकि, पुलिस पटाखों में ब्लास्ट की बात पर खुलकर नहीं बोल रही है।

पास से गुजर रहा 20 साल का युवक विशाल भी धमाके की चपेट में आकर घायल हो गया। वह खाना डिलीवर करने जा रहा था। उसे मामूली चोट आई है। 'X' पर 'गाजी-2' नाम के हैंडल से 'तहरीक-उल-मुजाहिदीन हिंदुस्तान' नाम के संगठन ने धमाके की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन ऋजुल ने बताया- घायल युवक गाजियाबाद के अर्थला का रहने वाला है। उसकी हालत स्थिर है।



एटीएस डीआईजी अभिषेक यादव पूरी टीम के साथ जांच करने पहुंचे हैं।

कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने बताया-बम निरोधक दस्ता, फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। यूपी पुलिस की अलग-अलग एजेंसियां जांच में जुटी हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि धमाका किस वजह से और किस चीज से हुआ। फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही धमाके की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

पुलिस चौकी एरिया को सील किया गया

वसुंधरा चौकी एलिवेटेड रोड के नीचे बनी है। एलिवेटेड रोड की ऊंचाई जमीन से करीब 35 फीट है। वहीं, पुलिस चौकी से एलिवेटेड रोड के नीचे वाले हिस्से की दूरी महज 15 कदम है। पुलिस और जांच एजेंसियों ने पूरे इलाके को सील कर दिया है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि सड़क के ऊपर से किसी ने विस्फोटक सामग्री फेंकी थी। उससे ही धमाका हुआ है। एलिवेटेड रोड पर लगे CCTV कैमरों की जांच की जा रही है।

कानपुर के हाई-प्रोफाइल पब के बाहर बोतल से सिर फोड़ा

पांच सेकेंड में युवक को जड़े चार थप्पड़





तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कोतवाली थाना क्षेत्र के हाई प्रोफाइल पब Studio Xo के बाहर एक मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दो पक्षों में गाली-गलौज व मारपीट होती नजर आ रही है। वहीं एक दबंग दूसरे पक्ष के युवक के सिर पर बोतल मारता दिख रहा है, जबकि अन्य एक शख्स दूसरे युवक की कॉलर पकड़ महज पांच सेकंड में एक के बाद एक चार थप्पड़ की मारते हुए दिख रहा है।

विवाद के दौरान दोनों पक्षों की तरफ से करीब एक दर्जन युवक मौजूद होते नजर आ रहे है। वायरल वीडियो गुरुवार देर रात का बताया जा रहा है। चर्चा है कि पब में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में वाद-विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष पब से बाहर आने के बाद सड़क पर मारपीट करने लगे। इस दौरान किसी ने राहगीर ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इतना ही नहीं सीसीटीवी कैमरों से लैस होने के बावजूद पुलिस अभी तक आरोपियों को पकड़ नहीं सकी। कोतवाली प्रभारी अरुण द्विवेदी ने बताया कि जिब्राइल नाम के युवक को कुछ लोग मारपीट रहे थे, जिन्हें वह पहचानता नहीं है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

फास्ट न्यूज

दिवाली पर नर्सिंग अधिकारियों ने मनाया काला दिवस

आगरा । अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे नर्सिंग अधिकारियों ने दिवाली पर काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। राजकीय नर्सेज संघ के बैनर तले जिला महिला अस्पताल में आयोजित प्रदर्शन में जिले के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के नर्सिंग अधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश त्यागी और मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा ने किया।

दादानगर में पूड़ी सब्जी का वितरण

कानपुर । कानपुर में श्री श्याम जी सेवा समिति की ओर से संचालित श्री श्याम रसोई के तहत शनिवार, 7 नवंबर को दादानगर में भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अरुण अरोड़ा के सौजन्य से सैकड़ों श्रमिकों को पूड़ी-सब्जी वितरित की गई। इस दौरान श्रमिकों ने भोजन ग्रहण किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य से श्री श्याम रसोई के माध्यम से समय-समय पर भोजन वितरण किया जाता है। समिति की इस पहल से जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने में सहयोग मिल रहा है।

दिवाली पर शाम 7 बजे तक ही चलेगी मेट्रो

आगरा । 8 नवंबर को दीपावली के दिन मेट्रो का संचालन बदले हुए समय पर होगा। इस दिन सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक ही ट्रेनें चलेंगी। सामान्य दिनों में मेट्रो रात 10 बजे तक चलती है। दीपावली पर इसका संचालन तीन घंटे पहले बंद कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के मुताबिक, ताज ईस्ट गेट और मनकामेश्वर स्टेशन से सुबह 6 बजे पहली ट्रेन रवाना होगी। दोनों स्टेशनों से शाम 7 बजे आखिरी ट्रेन चलेगी।

गाजियाबाद में 15-साल के बेटे ने पिता को मार डाला

बहन से झगड़े पर डांटा-पीटा था, सोते समय धारदार हथियार से किया हमला

तमसा संकेत, एजेंसी



लोनी । गाजियाबाद के लोनी में 15 साल के बेटे ने अपने पिता की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना शनिवार देर रात लोनी थाना क्षेत्र की आशियाना सिटी स्थित बुध बाजार की है। मृतक की पहचान 58 वर्षीय इरफान अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग बेटे को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, घटना से पहले घर में बेटे का अपनी बहन से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इस पर पिता इरफान अहमद ने उसे डांटा और पिटाई भी की।

बताया जा रहा है कि इससे नाराज होकर बेटे ने देर रात करीब 3:15 बजे घर में सो रहे पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए।

इरफान अहमद फेरी लगाने का काम करते थे। परिवार में उनकी पत्नी और सात बेटियां हैं। इनमें से पांच बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि दो अविवाहित हैं। घटना से पहले घर में बेटे का अपनी एक बहन से किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। इस पर इरफान ने उसे पहले डांटा और फिर पिटाई कर दी। इसी बात से बेटा नाराज था।

शनिवार देर रात इरफान अपनी पत्नी और एक बेटी के साथ कमरे में सो रहे थे। परिवार की दूसरी बेटी अलग कमरे में सोई हुई थी। इसी दौरान बेटे ने चाकू से सो रहे पिता के माथे पर वार कर दिया। हमले में इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने आरोपी बेटे को रोक लिया।

घटना की जानकारी मिलने पर पड़ोसी ने रात करीब 3:30 बजे डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। परिजन घायल इरफान को आनन-फानन में लोनी के 50 बेड वाले अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर लोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

शव हाईवे किनारे मिला, मां बोली- दिवाली की शॉपिंग करने गई थी, बॉयफ्रेंड ने मारा

कानपुर में 26 साल की बॉक्सिंग प्लेयर की हत्या



मंतशा भी बॉक्सिंग में यूपी स्तर पर गोल्ड मेडल जीत चुकी थी। इसके अलावा वह कई जगह जिम ट्रेनर के रूप में काम कर चुकी थी। वर्तमान में वह जाजमऊ स्थित फ्यूजन फिट जिम में ट्रेनर थी।

तमसा संकेत, एजेंसी

नरवल । कानपुर में शुक्रवार सुबह मिला शव महिला बॉक्सर मंतशा कुमारी का था। 26 साल की मंतशा जाजमऊ के एक जिम में ट्रेनर के रूप में काम कर रही थीं।

उनके माता-पिता और परिवार-वाले शनिवार दोपहर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। तब शव की पहचान हुई। मां ने बताया कि बेटी दीपावली की शॉपिंग के लिए निकली और लापता हो गई थी। उसकी हत्या करके शव फेंका गया है।

उन्होंने बेटी के बॉयफ्रेंड पर हत्या करने का शक जताया है। पुलिस अब हत्या करने वाले की तलाश में जुटी है। मामला महाराजपुर थाना क्षेत्र के कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे का है। कानपुर-प्रयागराज



हाईवे के किनारे महोली कोल्ड स्टोरेज मोड़ के पास शुक्रवार सुबह एक लड़की का खून से लथपथ शव मिला था। शनिवार दोपहर उसकी शिनाख्त उन्नाव के गंगाघाट थाना क्षेत्र के इखलाक नगर में रहने वाली मंतशा कुमारी (26) के रूप में हुई। मां संजना और पिता प्रेम कुमार समेत अन्य परिवार के लोगों ने पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचकर बेटी के शव की शिनाख्त की। शव देखते ही माता-पिता रो-रोकर बदहवास हो गए। मंतशा की मां संजना ने बताया- गुरुवार शाम करीब 5 बजे बेटी दीपावली की खरीदारी करने कानपुर चकेरी लालबंगला बाजार गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। शाम करीब 7 बजे से ही उसका मोबाइल फोन बंद हो गया था। बेटी के लापता होने और फोन स्विच ऑफ होने पर शनिवार को गंगाघाट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

पिता बोले- बेटी को मारकर शव करके फेंका गया, दोस्त पर शक

पिता प्रेम कुमार ने बताया- मंतशा दो बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी। बड़ी बहन खुशबू की शादी हो चुकी है। बेटा दीपक और मंतशा घर पर रहते थे। मंतशा ने 12वीं पास करने के बाद पिता के साथ बॉक्सिंग सीखना शुरू किया था। पिता पहले स्पोर्ट्स लाइन में बच्चों को बॉक्सिंग सिखाते थे। वह खुद भी गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

कानपुर में घर से आ रही थी बदबू, बेटी धनतेरस पर मिठाई लेकर पहुंची तो पता चला


पिता की लाश के साथ 7 दिन रहा बेटा

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में डॉक्टर की मौत के बाद बेटा 7 दिन तक सड़ी लाश के साथ सोता रहा। शुक्रवार को धनतेरस पर बड़ी बेटी ने कार खरीदी और मिठाई खिलाने के फ्लैट पर पहुंची। दरवाजा खटखटाने पर भाई ने गेट खोला तो अंदर से तेज दुर्गंध आई।

कमरे में पहुंची तो बेड पर पिता का सड़ा हुआ शव पड़ा देखकर चीख पड़ी। उसने आसपास के लोगों को बुलाया। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मामला पनकी के रतनपुर स्थित अमन एनक्लेव की है।

डॉ. प्रेम प्रकाश पहले प्राइवेट क्लिनिक चलाते थे। उनके साथ बेटा विजय भी रहता था। वह एल्मको में नौकरी करता था, लेकिन कुछ साल पहले नौकरी



एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया-शव करीब पांच से सात दिन पुराना लग रहा था। बेटे के कमरे में मौजूद होने की जानकारी मिली है। परिजनों ने उसे मानसिक रूप से परेशान बताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी।

छूट गई थी। इसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। परिजनों के मुताबिक, विजय की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पिता ही उसकी देखभाल करते और खाना बनाकर खिलाते थे। पिता की मौत के बाद भी वह उनके साथ उसी कमरे में रहा। उसे पिता की मौत का पता क्यों नहीं चला, यह स्पष्ट नहीं है। अर्चना ने बताया कि पिता ही भाई को खाना बनाकर भाई को खिलाते थे। फ्लैट पहुंचीं तो पिता के शव के पास खाना रखा था। किचन में गंदे बर्तन और खाना पड़ा था, जो सड़ने लगा था। कमरे में तेज दुर्गंध थी। इससे अंदाजा हुआ कि शव कई दिनों से पड़ा था।

बेटी ने धनतेरस पर नई कार खरीदी थी

नजीराबाद थाना क्षेत्र के अशोक नगर में रहने वाली अर्चना गृहणी हैं। उनके परिवार में पति विनय कुमार और बेटा अनमोल है। अर्चना ने बताया- उन्होंने धनतेरस पर नई वैगनआर कार खरीदी थी। शुक्रवार देर रात वह कार लेकर सबसे पहले पनकी मंदिर पहुंचीं और पूजा की।

इसके बाद रतनपुर के अमन एनक्लेव में रहने वाले अपने 82 वर्षीय पिता डॉ. प्रेम प्रकाश और भाई विजय श्रीवास्तव को मिठाई खिलाने पहुंचीं।



बेड पर मिला पिता का सड़ा हुआ शव

फ्लैट का दरवाजा खटखटाने पर भाई विजय ने खोला। अंदर जाते ही तेज दुर्गंध आई। घर में सामान बिखरा था। चारों तरफ गंदगी फैली थी। पिता के कमरे में पहुंचीं तो उनका शव बेड पर पड़ा था। शव कई दिन पुराना होने के कारण सड़ चुका था। यह देखकर अर्चना चीख पड़ीं। इसके बाद परिजनों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। अर्चना ने बताया कि वे चार भाई-बहन हैं। विजय सबसे छोटा है। उनके पिता प्राइवेट क्लिनिक चलाते थे, लेकिन 2015 के बाद उन्होंने प्रैक्टिस बंद कर दी थी।

कानपुर में यात्री बढ़े तो बसें पड़ गईं कम रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी

तमसा संकेत, एजेंसी



कानपुर। दीपावली पर घर जाने वालों की भीड़ शनिवार को बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी। झकरकटी बस अड्डे से लेकर टाटमिल चौराहे तक यात्रियों का हुजूम नजर आया। सीतापुर, रायबरेली, प्रयागराज और बांदा समेत कई जिलों के यात्रियों को बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। त्योहार की खुशी चेहरों पर थी, लेकिन सफर पूरा करने की बेचैनी भी साफ दिखाई दे रही थी। बस का इंतजार कर रहे यात्री अपने रुट की बस आते ही दौड़ पड़े।

रायबरेली के लालगंज जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे अंकित ने बताया कि वह इंदौर में नौकरी करते हैं। दीपावली की छुट्टी में घर लौटे हैं। इंदौर से कानपुर तक तो पहुंच गए, लेकिन यहां से लालगंज जाने के लिए बस नहीं मिल रही है। करीब दो घंटे से इंतजार कर रहे हैं। इसी तरह बांदा जाने के लिए टाटमिल चौराहे पर खड़े रौनक ने बताया कि वह लगभग एक घंटे से बस के इंतजार में हैं। यात्रियों की भीड़ के बीच बस मिलना मुश्किल हो रहा है।

बस अड्डों के साथ रेलवे स्टेशन पर भी त्योहार के चलते यात्रियों की भीड़ दिखाई दी। नई दिल्ली से कानपुर सेंट्रल पहुंची हमसफर एक्सप्रेस पूरी तरह भरी हुई थी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही यात्रियों की भीड़ नजर आई। लंबा सफर और ट्रेन में भीड़ की परेशानी के बावजूद लोगों के चेहरों पर घर पहुंचने की खुशी साफ झलक रही थी। दीपावली पर अपनों के बीच पहुंचने का उत्साह सफर की थकान पर भारी नजर आया।

पृष्ठ 01 का शेष...

अयोध्या में जले 30...

यह सब कैसे संभव हुआ, यह भारत की व्यवस्था और परंपरा को दर्शाता है।

राम मंदिर के निर्माण के लिए अनेक कारसेवकों ने बलिदान दिया। उनके संघर्ष के बाद आज यह मंदिर बना है। यह मंदिर हिंदुओं के आत्मसम्मान का प्रतीक है। आज अयोध्या में हो रहा विकास विरासत के संरक्षण और विकास का एक अच्छा उदाहरण है।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि करीब 500 साल तक राम मंदिर रामभक्तों के लिए अधूरा सपना बना रहा। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन से जुड़ी अपनी एक पुरानी याद भी साझा की।

उपराष्ट्रपति ने कहा, मुझे अच्छी तरह याद है कि जब अशोक सिंघल जी ने राम मंदिर की आधारशिला रखी थी, तब मेरी मां ने अपने सिर पर ईंट उठाई थी। उस समय मेरी मां ने कल्पना भी नहीं की होगी कि उनका बेटा एक दिन देश का उपराष्ट्रपति बनेगा।

अयोध्या के घाटों पर दीए जलाने का काम शुरू हो गया है। करीब आधे घंटे बाद सीएम, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन राम की पैड़ी पहुंचेंगे। यहां दीपोत्सव के मुख्य आयोजन में शामिल होंगे।

सीएम ने कहा- रामजन्मभूमि आंदोलन में संतों और रामभक्तों ने लंबा संघर्ष किया। अशोक सिंघल के मार्गदर्शन में आंदोलन आगे बढ़ा। इसमें अनेक कारसेवकों ने बलिदान दिया। एक समय ऐसा भी था, जब अयोध्या में रामभक्तों पर लाठियां और गोलियां चलाई गईं। भगवान श्रीराम का नाम लेने पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया गया।

पीएम के नेतृत्व और मार्गदर्शन में अयोध्या अपनी खोई हुई गौरवशाली पहचान फिर से प्राप्त कर रही है। रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैं और अयोध्या अपनी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहचान के साथ एक बार फिर विश्व पटल पर स्थापित हो रही है।

वायुसेना का गजराज...

IAF के मुताबिक यह दुनिया का सबसे ऊंचा फाइटर-कैपेबल एयरफील्ड है। मतलब साफ है - अब भारत, चीन बॉर्डर के बिल्कुल पास भारी हथियार, गाड़ियां और बड़ी संख्या में सैनिक बहुत तेजी से पहुंचा सकता है।

वायुसेना में इसे 'गजराज' कहते हैं। यह रूस में बना 4 इंजन वाला हैवी ट्रांसपोर्ट विमान है। करीब 40-50 टन तक माल उठा सकता है। यह सैनिक, टैंक, गाड़ियां, हथियार, राशन - सब कुछ ले जा सकता है।

न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन सीमा LAC से करीब 23 किलोमीटर दूर है और इसमें 2.7 किलोमीटर लंबा रनवे है। यह एयरबेस 1962 में शुरू हुआ था, लेकिन भारत-चीन युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था। 2023 में इसे फिर से आधुनिक एयरबेस बनाने का काम शुरू हुआ और 12 नवंबर 2025 को इसे दोबारा खोला गया है।

न्योमा एयरबेस पर पहले मिट्टी का रनवे था, जहां बारिश के दौरान कीचड़ हो जाता था। इसे सितंबर 2009 में दोबारा शुरू किया गया, जब वायुसेना के AN-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने यहां पहली बार लैंडिंग की थी।

इसके बाद यह फिर बंद हो गया। सिंधु नदी के किनारे स्थित न्योमा, लेह से करीब 180 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यहां सर्दियों में तापमान माइनस 20 डिग्री तक गिर जाता है, जिससे एयरबेस पर विशेष रखरखाव ढांचे की जरूरत पड़ती है। न्योमा लद्दाख में वायुसेना का चौथा बेस है। बाकी एयरबेस लेह, कारगिल और थोईस में हैं। इनमें कारगिल एयरबेस लगभग 10,500 फीट पर स्थित है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना स्पेशल ऑपरेशन एयरक्राफ्ट और हेलिकॉप्टरों के लिए उत्तरी लद्दाख में दौलत बेग ओल्डी में मिट्टी से बने रनवे का इस्तेमाल करती है।

ई20 बना 420...

उन्होंने कहा कि 2005 के सरकारी आदेश और 2024 की मार्केटिंग डिसिप्लिन गाइडलाइंस में सैंपल लेने, उन्हें सुरक्षित रखने, जांच कराने और रिपोर्ट देने के नियम तय हैं।

लैब जांच में सामने आया कि सभी बड़ी तेल कंपनियों के पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा 20% की लिमिट से काफी ज्यादा थी। बेंगलुरु अर्बन सहित 7 जिलों के सैंपलों में IOCL के पेट्रोल में सबसे ज्यादा 31.2% तक एथेनॉल मिला। इसके अन्य सैंपल में 20.8% एथेनॉल पाया गया।

वहीं, HPCL के पावर पेट्रोल में 30.5% और नॉर्मल पेट्रोल में 27% एथेनॉल पाया गया। BPCL के स्पीड पेट्रोल में 26.5% और अन्य सैंपल में 24.2% और 22.6% एथेनॉल मिला।

इसके अलावा, नायरा के पेट्रोल में 26.1%, शेल के पेट्रोल में 25.5% और MRPL के पेट्रोल में 19.2% तक एथेनॉल दर्ज किया गया।

कर्नाटक के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री रिजवान अरशद ने कहा कि केंद्र सरकार को देश की जनता के सामने साफ करना चाहिए कि उन्हें असल में कितना एथेनॉल वाला ईंधन दिया जा रहा है। कर्नाटक सरकार के आंकड़ों के मुताबिक

माइलेज गिरने से नुकसानः अगर पेट्रोल में ज्यादा एथेनॉल की वजह से माइलेज में 10% की गिरावट आती है, तो देशभर के गाड़ी मालिकों को सालाना 62,000 करोड़ का नुकसान होगा।

मेंटेनेंस का अतिरिक्त खर्चः गाड़ियों के इंजन खराब होने और सर्विसिंग बार-बार कराने की वजह से 39,000 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

तेल कंपनियों के मुताबिक, नियमों के तहत पेट्रोल के 1-1 लीटर के 6 सैंपल लिए जाते हैं। इनमें से 2 सैंपल पेट्रोल पंप संचालक को रसीद देकर दिए जाते हैं, 2 तेल कंपनी या संबंधित विभाग के पास रखे जाते हैं और बाकी 2 जांच के लिए तय लैब में भेजे जाते हैं।

कंपनियों ने कहा कि सैंपल के लेबल पर संबंधित पक्षों के हस्ताक्षर होने चाहिए। जांच रिपोर्ट तय समय में पेट्रोल पंप संचालक और तेल कंपनी को दी जानी चाहिए। तीनों कंपनियों ने कर्नाटक सरकार से सैंपल लेने की प्रक्रिया के दस्तावेज, हर पेट्रोल पंप की जांच रिपोर्ट और जांच के तरीके की जानकारी मांगी है। कंपनियों ने कर्नाटक सरकार से सैंपल दोबारा जांच के लिए देने को कहा है। उन्होंने मांग की है कि जांच अधिकृत लैब में हो और इसमें राज्य सरकार व तेल कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहें। कंपनियों का कहना है कि उनके यहां से सप्लाई होने वाला E20 पेट्रोल बीआईएस के मानकों के मुताबिक है।

यूपी-फतेहपुर में...

एसपी अभिमन्यु मांगलिक, एएसपी ज्ञान प्रकाश राय और खागा एसडीएम अश्वनी कुमार पांडेय ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

सीजेपी के मार्च में...

अगर आप मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं, तो आप मुझे दिल्ली, महाराष्ट्र, केरलम या तमिलनाडु में गिरफ्तार कर सकते हैं।

मुझे देश के हर हिस्से से गिरफ्तार कीजिए, लेकिन मैं फिर वापस आऊंगा और इस तिरंगे को उठाऊंगा।

उन्होंने पहले ये कंट्रोल करना चाहा कि आप क्या खाते हैं, फिर आप किससे शादी कर सकते हैं और किससे प्यार कर सकते हैं। अब वो उस बिंदु पर आ गए हैं जहां वो ये कंट्रोल करना चाहते हैं कि आप किसे वोट देते हैं।

देश तीन नेताओं अंबेडकर, महात्मा गांधी और नेहरू के आदर्शों पर बना था। गांधी भारत की आत्मा, अंबेडकर रीढ़ और नेहरू उसका दिमाग हैं।

मोदी का कद इन तीनों नेताओं से बड़ा होने का नहीं है। भले ही आप 120 साल तक सत्ता में रहें, आप कभी इनसे बड़े नहीं बन पाएंगे।

कोच्चि सिटी पुलिस की स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों ने बताया कि CJP कार्यकर्ताओं ने हाल में कोच्चि सिटी पुलिस के डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात की थी। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि मार्च शांतिपूर्ण रहने की उम्मीद है।

बॉल टेम्परिंग की जानकारी पूरी टीम को थी : ख्वाजा

खुलासा

सिर्फ स्मिथ-वॉर्नर-बैनक्रॉफ्ट की गलती नहीं थी, दूसरे टेस्ट में भी सैंडपेपर का इस्तेमाल हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर उस्मान ख्वाजा ने 2018 के सैंडपेपर कांड को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उनका दावा है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़छाड़ की जानकारी पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को थी।

ख्वाजा ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड को दिए इंटरव्यू में कहा- 'इसमें बल्लेबाज, गेंदबाज और सपोर्ट स्टाफ सभी शामिल थे।' उन्होंने यह भी कहा कि पोर्ट एलिजाबेथ टेस्ट में भी सैंडपेपर का इस्तेमाल किया गया था। 2018 में आरोप लगने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जांच की थी। तब टीम के बाकी खिलाड़ियों ने इसमें शामिल होने से इंकार कर दिया था। इस मामले में स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर और कैमरन बैनक्रॉफ्ट को निलंबित किया गया।

फरवरी-मार्च 2018 में



स्मिथ और वार्नर को एक-एक साल का बैन लगा था।

ऑस्ट्रेलियाई टीम 4 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका के दौरे पर थी। केपटाउन में तीसरे टेस्ट मैच के दौरान बैनक्रॉफ्ट गेंद पर सैंडपेपर रगड़ते हुए पकड़े गए। वे सैंडपेपर का टुकड़ा अपनी पैंट में छिपाने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद तब के कप्तान स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया था कि टीम के लीडरशिप ग्रुप ने गेंद से छेड़छाड़ की योजना बनाई थी। इस मामले में कप्तान स्मिथ और उपकप्तान डेविड वॉर्नर पर 12-12 महीने का बैन लगा था। बैनक्रॉफ्ट को 9 महीने के लिए निलंबित किया गया था। इस विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जांच की थी। ख्वाजा ने दावा किया कि जांच के



ख्वाजा ने कहा- सबको मिलकर जिम्मेदारी लेनी चाहिए

ख्वाजा जल्द रिलीज होने वाली अपनी आत्मकथा 'सब्र' (Sabr) में भी इस विवाद पर विस्तार से लिख रहे हैं। उनका कहना है कि वे लंबे समय से चाहते थे कि इस मामले की पूरी सच्चाई सामने आए। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रूम में भी उन्होंने खिलाड़ियों से इसे पूरी टीम की जिम्मेदारी लेने को कहा था। उनके मुताबिक, उन्होंने कहा था कि यह टीम ने किया है और सभी को मिलकर इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

दौरान बोर्ड ने उनसे कभी पूछताछ नहीं की, जबकि वे पूरे टेस्ट में बैनक्रॉफ्ट के पास बैठे थे। उन्होंने कहा- 'मैं कैमरन बैनक्रॉफ्ट के बगल में बैठा था। इसके बावजूद मेरा इंटरव्यू नहीं लिया गया। मैं फोन आने का इंतजार कर रहा था, लेकिन फोन कभी नहीं आया। इसके बाद सजा सुना दी गई। मुझे इस बात पर भरोसा नहीं हुआ।' ख्वाजा ने यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि बोर्ड को पता था कि वे पूरी टीम की जिम्मेदारी लेने की बात करेंगे और सच बताने के लिए तैयार थे। ख्वाजा ने हाल ही में साउथ अफ्रीका दौरे से पहले मौजूदा टेस्ट कप्तान पैट कमिंस से भी इस किताब के बारे में बात की थी। उन्होंने कमिंस को बताया था कि वे अपनी आत्मकथा में बॉल टेंपरिंग विवाद पर खुलकर लिखने वाले हैं। ख्वाजा ने माना कि उनके खुलासे से कुछ खिलाड़ियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, लेकिन उनका मानना है कि अब इस मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए।

ख्वाजा का ताजा बयान

ऑस्ट्रेलिया के चार प्रमुख गेंदबाजों के पुराने बयान से अलग है। 2021 में मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन ने संयुक्त बयान जारी कर गेंद से छेड़छाड़ की जानकारी होने के आरोपों को नकार दिया था।

ख्वाजा ने कहा कि वे चाहते थे कि टीम के सभी खिलाड़ी इस मामले की जिम्मेदारी लें। उन्हें उम्मीद थी कि आठ साल के भीतर कोई दूसरा खिलाड़ी खुद सामने आकर सच्चाई बताएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

उन्होंने स्मिथ, वॉर्नर और बैनक्रॉफ्ट का समर्थन करते हुए कहा कि तीनों को इस विवाद के बाद लंबे समय तक इसके परिणाम भुगतने पड़े हैं।

पीएम मोदी से मिले क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव

दिल्ली में परिवार के साथ मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। शुक्रवार को वे पत्नी देविशा, बेटी रिद्धिमा और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली पहुंचे।

इस मुलाकात में सूर्या ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का गोल्ड मेडल पहना हुआ था। प्रधानमंत्री ने मेडल को हाथ में लेकर भी देखा। मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर शेयर किए।

प्रधानमंत्री ने सूर्या के परिवार की एक बच्ची से भजन सुना। इसके बाद उन्होंने पोस्ट में लिखा, दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीपावली का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है। राम और सरयू सूर्यकुमार की साली दीक्षा के बच्चे हैं।



पीएम बोले- दीपावली के माहौल में सरयू और राम आए

सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने मार्च 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। इस जीत के साथ भारत लगातार दो बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बना। इससे पहले उन्होंने 2025 में हुए टी-20 एशिया कप में भी भारतीय टीम को चैंपियन बनाया था।

सूर्यकुमार ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी पहली बार कप्तान बने

सैयद मुश्ताक अली में बिहार की कैप्टेंसी करेंगे, इसी टूर्नामेंट में 58 गेंदों में शतक लगाया था

नई दिल्ली, एजेंसी

15 साल के वैभव सूर्यवंशी पहली बार किसी टीम के कप्तान बन गए हैं। उन्हें सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी बिहार की कप्तानी मिली है। इससे पहले वे बिहार की रणजी टीम और दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के उपकप्तान रह चुके हैं।

वैभव ने 2 दिसंबर 2025 को सैयद मुश्ताक अली में महाराष्ट्र के खिलाफ 58 बॉल पर शतक लगाया था। उन्होंने 61 बॉल पर 108 रन बनाए थे। सैयद मुश्ताक अली भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट हैं।

बिहार क्रिकेट संघ की चयन समिति ने शुक्रवार को बैठक के बाद शुरुआती दो मैचों के लिए टीम चुनी। बिहार 14 नवंबर को इंदौर में सौराष्ट्र के खिलाफ पहला मैच खेलेगा। 16 नवंबर को रेलवे से मुकाबला होगा।



वैभव हाल ही में न्यूजीलैंड दौरे पर भारतीय टीम के साथ थे। पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उन्हें दो मैच खेलने का मौका मिला। उन्होंने 4 और 45 रन बनाए। वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी-20 में वैभव ने अभिषेक शर्मा के साथ 6 ओवर में 118 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है। ओवरऑल वैभव 44 टी-20 मैच खेल चुके हैं। इनमें से 7 मुकाबले बिहार के लिए खेले हैं। वैभव का जन्म 27 मार्च 2011 को बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर में हुआ। उन्होंने 4 साल की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। शुरुआत में उनके पिता संजीव ने घर के पास ही अभ्यास के लिए पिच और नेट बनवाए।

वैभव को पहली बड़ी पहचान 2023 की वीनू मांकड़ ट्रॉफी से मिली। यह अंडर-19 स्तर का घरेलू टूर्नामेंट है। उन्होंने बिहार की ओर से 5 पारियों में 393 रन बनाए। इसमें हरियाणा के खिलाफ लगाया गया शतक भी शामिल था।

इसके बाद जनवरी 2024 में उन्हें बिहार की रणजी ट्रॉफी टीम में जगह मिली। मुंबई के खिलाफ डेब्यू करते समय उनकी उम्र 12 साल 284 दिन थी।

इंडिया-ए ने न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ पहले दिन 2 विकेट पर 227 रन बनाए, सुदर्शन 77 रन बनाकर नाबाद

जायसवाल का लगातार दूसरी पारी में शतक

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के लिंकन में भारत-A और न्यूजीलैंड-A के बीच खेले जा रहे तीसरे अनऑफिशियल टेस्ट के पहले दिन यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया। उन्होंने 138 गेंदों पर 102 रन की पारी खेली। यह इस सीरीज में उनकी लगातार दूसरी सेंचुरी है। उनकी पारी की मदद से भारत-A ने शनिवार को पहले दिन का खेल खत्म होने तक 2 विकेट पर 227 रन बना लिए।

साई सुदर्शन 77 रन बनाकर नाबाद हैं। उन्होंने जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी की। देवदत्त पडिक्कल 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि ध्रुव जुरेल नाबाद लौटे। बारिश के कारण दिन का खेल निर्धारित समय से पहले खत्म करना पड़ा।

साई सुदर्शन ने पूरे दिन धैर्य के साथ बल्लेबाजी की। वे 205 गेंदों



जायसवाल ने 127 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उनकी पारी में 16 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।

पर 77 रन बनाकर नाबाद लौटे। न्यूजीलैंड-A के खिलाफ पहले अनऑफिशियल टेस्ट में जायसवाल ने 17 और 5 रन बनाए थे। दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भी वे खाता नहीं खोल सके थे। इसके बाद उन्होंने दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाकर वापसी की और अब लगातार दूसरे मैच में शतक लगाया है। जायसवाल पहली बार भारतीय खिलाड़ी के तौर पर न्यूजीलैंड दौरे पर आए हैं। इस दौरे पर लगातार दो शतक लगाने से उन्होंने अपनी फॉर्म दिखाई है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 19 नवंबर से वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेला जाना है। तीसरे अनऑफिशि-



जायसवाल ने न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाए थे। यह मुकाबला क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला गया था। अब तीसरे टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाकर उन्होंने लगातार दूसरी सेंचुरी पूरी की।

यल टेस्ट में न्यूजीलैंड-A ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की ओपनिंग जोड़ी ने इस

जायसवाल ने 127 गेंदों पर पूरी की सेंचुरी

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड-A के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 127 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने चौके-छक्के लगाकर रन गति बनाए रखी।

जायसवाल ने पिछली पारी में भी 155 रन की नाबाद पारी खेली थी। लगातार दो पारियों में शतक लगाकर उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले अपनी फॉर्म दिखाई है।

फैसले को चुनौती देते हुए रन बनाने जारी रखे। जायसवाल ने शतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वहीं, भारतीय टीम एक विकेट के नुकसान 180 से ज्यादा रन बना चुकी है।

मनोरंजन

20 साल पहले सलमान ख़ान बनने वाले थे 'राम'

4000 करोड़ वाली नहीं, इस रामायण के मुरीद हैं भाईजान

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की रामायणम् पार्ट 1 की चर्चा चारो ओर हो रही है। फिल्म के 4000 करोड़ के बजट से लेकर VFX पर भी लोग खूब बातें कर रहे हैं। सलमान खान ने भी रणबीर की रामायण पर खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दी, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसा राज भी खोला, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। सलमान खान ने बताया कि जब किसी ने बड़े पर्दे पर रामायण बनाने की सोची भी नहीं थी, तब वह बिग स्क्रीन पर भगवान राम बनकर आने वाले थे। इतना ही नहीं, जब उनसे ये पूछा गया कि अब तक जितनी भी रामायण आई हैं, उनकी फेवरेट कौन सी है, तो दबंग खान ने



4000 करोड़ के ऊपर किसी और की बनाई रामायण को चुना। बीते दिन मुंबई में सलमान खान की फिल्म मातृभूमि का ट्रेलर लॉन्च हुआ और इसी दौरान उन्होंने अपनी ठंडे बस्ते में गई फिल्म उस फिल्म के बारे में भी बात की, जिसमें अभिनेता राम बनने वाले थे। सलमान खान ने कहा, 20 साल पहले हम रामायण पर फिल्म बनाने वाले थे। मूवी की घोषणा के बाद, एक रात जब वो और उनके भाई कहीं से बाहर निकल रहे थे तो उस समय प्रेस ने उनकी तस्वीरें क्लिक कर ली।

'बिग बॉस 20' ने छुआ ऐतिहासिक मुकाम

नई दिल्ली। बिग बॉस हिंदी का 20वां सीजन अपने प्रीमियर के बाद से ही चर्चा में बना हुआ है। चाहे शो में सलमान खान का पैपराजी को फटकार लगाना हो, 'वीकेंड का वार' के दौरान कैमरे के सामने अपनी शर्ट उतारकर बॉडी-शेमिंग और ऑनलाइन ट्रोलिंग पर बात करना हो, या फिर कंटेस्टेंट काजी तौकीर के साथ किया गया वह वायरल प्रैंक हो जिसने ऑनलाइन खूब चर्चा बटोरी।

इस शो ने दर्शकों के बीच लगातार चर्चा बटोरी है, भारत में अपने 20 साल के सफर में इसने एक और माइलस्टोन हासिल कर लिया है। बिग बॉस 20 (Bigg Boss 20) ने 60 दिनों से भी कम समय में जियो हॉटस्टार (Jio Hotstar) पर 100 करोड़ घंटे का वॉच टाइम पार कर लिया है। यह इस फ्रेंचाइजी के इतिहास का सबसे तेज सीजन बन गया है जिसने यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है जब भारत में इस फ्रेंचाइजी के आने के 20 साल पूरे हो रहे हैं। हॉटस्टार के अनुसार, इस सीजन में शो को 350 करोड़ से ज्यादा वोट मिले हैं, जो पिछले सीजन के मुकाबले 71% की बढ़ोतरी है। सीजन शुरू होने के बाद से ही, यह शो यूके, कनाडा और सिंगापुर में जियो हॉटस्टार के टॉप 5 टाइटल्स में लगातार बना हुआ है।

रोहित शेट्टी के घर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी, सलमान-कपिल को भी धमकाने का आरोप

लॉरेंस गैंग से जुड़ा गैंगस्टर हैरी बॉक्सर अमेरिका में पकड़ाया

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिका में हिरासत में लिया गया है। अमेरिकी एजेंसी ICE ने उसे कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया है।

हैरी अमेरिका में रहकर गैंग की गतिविधियां चला रहा था। उस पर हत्या और रंगदारी समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

हैरी ने फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके अलावा हैरी पर सलमान खान और कपिल शर्मा समेत अन्य बॉलीवुड हस्तियों को धमकी देने का भी आरोप है।



क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम ने कॉल की रिकॉर्डिंग का हैरी बॉक्सर के आधिकारिक ऑडियो सैंपल से मिलान किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आवाजें मेल नहीं खातीं।

इससे पहले गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुरिया को भी अमेरिका में हिरासत में लिया गया था। ये दोनों भारत में कई आपराधिक मामलों में वांछित हैं। बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर को लॉरेंस गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर के नाम से फोन कर 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई थी। न्यूज एजेंसी IANS के मुताबिक, तुषार ने इसकी शिकायत मुंबई पुलिस से की,

हैरी बॉक्सर पर रणवीर-गुरु रंधावा को भी धमकी देने का आरोप

हैरी बॉक्सर पर बॉलीवुड और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई लोगों को धमकी देने के आरोप हैं। इनमें अभिनेता रणवीर सिंह भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हैरी ने रणवीर के मैनेजर को वॉइस नोट भेजकर 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

इसके अलावा, पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा को भी धमकी मिलने का मामला सामने आया था। एक वायरल कथित ऑडियो में सलमान खान से नजदीकियों के चलते गुरु के दिल्ली स्थित जिम पर फायरिंग कराने का दावा किया गया था। वहीं, कॉमेडियन कपिल शर्मा का कनाडा स्थित कैफे भी फायरिंग की घटना का निशाना बन चुका है।

जिसके बाद जांच एंटी-एक्सटॉर्शन सेल और क्राइम ब्रांच को सौंपी गई।

कहा- सुकेश की पत्नी ने चैरिटी फंक्शन में बुलाया, कॉल पर हुई ठग से बात

कोर्ट की फटकार के बाद नोरा फतेही ने दी गवाही



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ की वसूली मामले में सरकारी पक्ष की गवाह के तौर पर अपना बयान दर्ज कराया। कोर्ट में नोरा ने भारत आने, अपने काम और चेन्नई में सुकेश की पत्नी लीना पॉलोज से हुई मुलाकात के बारे में जानकारी दी।

मामले की सुनवाई एडिशनल सेशन जज गगनदीप सिंह की अदालत में हुई। नोरा ने बताया कि वह कनाडा की नागरिक हैं और मूल रूप से मोरक्को से ताल्लुक रखती हैं। वह भारत में टी-सीरीज म्यूजिक कंपनी के साथ काम करने के सिलसिले में जारी वर्क वीजा पर आई थीं।

नोरा ने बताया कि दिसंबर 2020 में उन्हें चेन्नई में एक चैरिटी इवेंट के लिए बुक किया गया था। इस कार्यक्रम की आयोजक लीना पॉलोज

नोरा ने बताया कैसे हुई सुकेश से बातचीत

नोरा ने कोर्ट को बताया कि मुलाकात के दौरान लीना ने उनसे कहा कि उनके पति उनसे बात करना चाहते हैं और चेन्नई आने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। इसके बाद लीना ने सुकेश को फोन लगाया और स्पीकर पर सुकेश से बात कराई। सुकेश ने कॉल पर धन्यवाद दिया और कहा कि उनका परिवार नोरा का फैन है। उन्होंने भविष्य में कई और इवेंट साथ करने को कहा। नोरा के अनुसार, फोन पर बातचीत के दौरान लीना ने उन्हें एक कार गिफ्ट करने की बात कही। इसके बाद फोन पर मौजूद सुकेश ने भी उनसे कहा कि वह इस कार को गिफ्ट के तौर पर स्वीकार कर लें।

(सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी) थीं। नोरा को एक्सीड एंटरटेनमेंट नाम की एजेंसी के जरिए इस कार्यक्रम के लिए बुक किया गया था। कार्यक्रम में उन्हें चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल होना था और डांस कॉम्पिटिशन को जज करना था। इस मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी। नोरा के अनुसार, विदेशी नागरिक होने के कारण भारत में किसी भी कार्यक्रम के लिए उनकी बुकिंग मैनेजमेंट कंपनी के जरिए होती थी और भुगतान भी कंपनी को किया जाता था। इस मामले में कोर्ट ने नोरा को पहले भी दो बार गवाही के लिए बुलाया था। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में उनके वकील ने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से छूट मांगी थी।

नोरा ने बताया कि जब वह चेन्नई में कार्यक्रम के लिए तैयार हो रही थीं, तभी उनकी टीम ने उन्हें बताया कि लीना पॉलोज अपने परिवार के साथ उनसे मिलना चाहती हैं। इसके बाद लीना अपने परिवार के सदस्यों, दो वीडियोग्राफर और कुछ अन्य लोगों के साथ नोरा के कमरे में पहुंचीं। उनके साथ कुछ गिफ्ट भी थे।





रामायणम् ने दूसरे ही 200 करोड़ की कमाई की पार

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म रामायणम् पार्ट 1 के शोज सिनेमाघरों में हाउसफुल जा रहे हैं, यहीं वजह है कि मूवी बॉक्स ऑफिस पर दो दिनों में ही गर्दा उड़ा चुकी है।

घरेलू बॉक्स ऑफिस पर महज दो दिनों के अंदक नितेश तिवारी की माइथोलॉजिकल फिल्म नें 100 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया है, तो वहीं दुनियाभर में तो मूवी ने बुलेट ट्रेन वाली रफ्तार पकड़ कर डबल सेंचुरी मार दी है। मूवी ने वर्ल्डवाइड और ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर 2 दिन में कितनी कमाई की, देखें आंकड़ें। पहले दिन रणबीर कपूर (Ranbir Kapoor) स्टारर फिल्म रामायणम् ने 155 करोड़ के साथ गजब की ओपनिंग लेते हुए सफलता का परचम लहराया था और अब दूसरे ही दिन नमित मल्होत्रा की 4000 करोड़ के बजट में बनी मूवी ने 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई ग्लोबल स्तक पर कर ली है। सैकनिल्क डॉट कॉम की रिपोर्ट्स



के मुताबिक, रामायणम् पार्ट 1 (Ramayana Part 1) ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर शुक्रवार को 221.05 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है। हालांकि, फिल्म के वर्ल्डवाइड कमाई के फाइनल आंकड़ें दिन तक आएंगे।

रामायणम् को भारत में जितना प्यार मिल रहा है। उतना ही पसंद विदेशों में भी मूवी को किया जा रहा है। पहले दिन ओवरसीज मार्केट में 50 करोड़ से ओपनिंग लेने वाली मूवी ने दूसरे ही दिन 86.25 करोड़ तक की कमाई कर ली है। यूएस का मार्केट यश स्टारर फिल्म के लिए अच्छा साबित हुआ है। नॉर्थ अमेरिका में मूवी ने 16.8 करोड़ का कलेक्शन किया है।

ट्रम्प ने सबसे करीबी सलाहकार को निकाला

नाराजगी

सूसी वाइल्स की जगह स्टीफन मिलर को जिम्मेदारी, 2 साल में 5 महिला अधिकारी हटीं

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने सूसी वाइल्स को चीफ ऑफ स्टाफ पद से हटा दिया है। उनकी जगह डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वाइल्स ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ बनने वाली पहली महिला थीं। उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

चीफ ऑफ स्टाफ राष्ट्रपति के सबसे करीबी अधिकारियों में शामिल होता है। वह व्हाइट हाउस के कामकाज और राष्ट्रपति तक पहुंच रखने वाले अधिकारियों के बीच तालमेल बनाए रखने की जिम्मेदारी संभालता है।

वाइल्स के पद छोड़ने के साथ



ट्रम्प प्रशासन में महिला अधिकारियों की संख्या भी चर्चा में है। पिछले एक साल में कई महिला अधिकारी प्रशासन से बाहर हुई हैं। गुरुवार को न्याय विभाग की वरिष्ठ अधिकारी हरमीत ढिल्लों ने भी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मतभेद के बाद इस्तीफा दे दिया था।

इस साल ट्रम्प प्रशासन की चार महिला कैबिनेट स्तर की अधिकारी भी पद छोड़ चुकी हैं। इन सभी की जगह पुरुष अधिकारियों को नियुक्त किया गया। अब ट्रम्प प्रशासन में कैबिनेट स्तर के केवल तीन पदों पर महिलाएं हैं। इनमें कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस, शिक्षा मंत्री लिंडा मैकमोहन और लघु व्यवसाय प्रशासन की प्रमुख केली लोफलर शामिल हैं। स्टीफन मिलर लंबे समय से ट्रम्प के सलाहकार रहे हैं। वे अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की नीति के प्रमुख समर्थक हैं। देशभर में प्रवासियों को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियानों में उनकी अहम भूमिका रही है।

चुनावी हार के बाद वाइल्स से नाराज थे ट्रम्प

मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद ट्रम्प वाइल्स और अपने दूसरे राजनीतिक सलाहकारों से नाराज थे। चुनाव के नतीजे आने के दौरान उन्होंने वाइल्स की आलोचना की थी। ट्रम्प को लगता था कि उनके प्रशासन से जुड़ी गोपनीय जानकारियां बाहर जा रही हैं। उन्हें यह भी शिकायत थी कि उनके राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई में तेजी नहीं आ रही। ट्रम्प को शक था कि वाइल्स ही प्रशासन से जुड़ी जानकारियां बाहर पहुंचा रही हैं। इसी वजह से उन्होंने कई नियुक्तियों के फैसलों में भी वाइल्स को शामिल करना बंद कर दिया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट की जगह नए अधिकारी को चुनने के फैसले में भी वाइल्स की भूमिका सीमित कर दी गई थी।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पिछले साल व्हाइट हाउस में सूसी वाइल्स से बातचीत करते हुए।

वाइल्स के समर्थकों का कहना है कि वह पद पर बने रहने के लिए ट्रम्प से टकराव नहीं चाहती थीं। उनके मुताबिक, चुनावी हार के लिए वाइल्स को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है, क्योंकि प्रशासन की नीतियों से जुड़े बड़े फैसले ट्रम्प खुद लेते थे। वाइल्स को 2026 की शुरुआत में स्तन कैंसर होने का पता चला था। इलाज के दौरान भी उन्होंने अपना पद नहीं छोड़ा। सितंबर में उन्होंने बताया था कि अब वह कैंसर से मुक्त हैं।

ट्रैक्टर के नीचे दबकर युवक की मौत दो भतीजों को भी चोटें आईं

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में शनिवार सुबह खेत से पयार लादकर घर लौट रहे युवक की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मौत हो गई। हादसे के दौरान युवक ट्रैक्टर के स्टेयरिंग और सीट के बीच फंसकर नीचे दब गया। उसके साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार दो भतीजों को हल्की चोटें आईं। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान भगवंत खेड़ा निवासी अभिषेक यादव (25) के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शनिवार शाम चार बजे शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना माल इलाके की है। भगवंत खेड़ा निवासी अभिषेक यादव शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे अपने खेत से पयार लादकर घर लौट रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर उनके दो भतीजे देवम और नैतिक भी सवार थे। खेत से आगे निकलने के बाद अभिषेक ट्रैक्टर को ऊंची मेड़ से सड़क पर चढ़ा रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर पलटने से अभिषेक स्टेयरिंग के बीच फंस गए और उसके नीचे दब गए। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह अभिषेक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे में दोनों भतीजे बाल-बाल बच गए। उन्हें हल्की खरोंचें आईं। अभिषेक खेती-किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में दो भाई अंशु और अनूप हैं। पिता का छह साल पहले ही निधन हो चुका है। अभिषेक की मौत के बाद परिवार में रोना-बिलखना मचा है।

फास्ट न्यूज

बांग्लादेश में टैगोर की तस्वीर पर कालिख पोती

ढाका । बांग्लादेश में कवि रवींद्रनाथ टैगोर की तस्वीर पर कालिख पोती गई। घटना आज खुलना रेलवे स्टेशन के पास हुई।

टैगोर की तस्वीर के पास कुछ पोस्टर भी लगाए गए, जिनमें लिखा था कि मुस्लिम विरोधी टैगोर की यहां कोई जगह नहीं है। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब बांग्लादेश में पिछले कुछ समय से भारत के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं।

न्यूजीलैंड में सत्ता की लड़ाई बेहद करीबी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में आम चुनाव के शुरुआती नतीजों ने सरकार बनाने का मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की नेशनल पार्टी और उसके सहयोगी दलों को 130 सीटों वाली संसद में 67 सीटें मिलती दिख रही हैं। बहुमत के लिए 66 सीटों की जरूरत है। यानी लक्सन का गठबंधन बहुमत से सिर्फ एक सीट आगे है। वहीं, विपक्षी लेबर पार्टी और उसके सहयोगियों को कुल 56 सीटें मिलती दिख रही हैं। ऑपरच्युनिटी पार्टी को 7 सीटें मिलने का अनुमान है। अभी 3% वोटों की गिनती बाकी है। इनमें विदेश में रहने वाले न्यूजीलैंड के नागरिकों और कुछ अन्य मतदाताओं के विशेष वोट भी शामिल हैं।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में भारतीयों के साथ दिवाली मनाई

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में दिवाली मनाई। इस दौरान उन्होंने भारतीय मूल के अधिकारियों और कारोबारियों के साथ ओवल ऑफिस में दीया जलाया। उन्हें हनुमान चालीसा की एक प्रति भी भेंट की गई। इस मौके पर उनके प्रशासन में शामिल भारतीय मूल के अधिकारी, कारोबारी और बड़ी कंपनियों के CEO मौजूद रहे।

नोएल टाटा वोल्टास के चेयरमैन पद से रिटायर होंगे

उनकी जगह सुनील डिसूजा कमान संभालेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



टाटा ग्रुप की कूलिंग प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी वोल्टास के चेयरमैन और डायरेक्टर नोएल एन टाटा 11 नवंबर 2026 को रिटायर होने जा रहे हैं। 70 साल की उम्र पूरी होने के चलते टाटा ग्रुप की गाइड-लाइंस के तहत उनका यह रिटायर-मेंट हो रहा है।

नोएल के रिटायरमेंट के बाद कंपनी बोर्ड ने उन्हें 12 नवंबर 2026 से चेयरमैन एमेरिटस यानी मानद चेयरमैन नियुक्त करने का फैसला किया है।

बोर्ड ने टाटा ग्रुप की FMCG कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (TCPL) के मौजूदा मैनेजिंग डायरेक्टर और CEO सुनील डिसूजा को वोल्टास का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। डिसूजा 12 नवंबर 2026 से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। डिसूजा की लीडरशिप में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स टाटा साल्ट, टाटा टी, टेटली और टाटा सम्पन्न जैसे बड़े ब्रांड्स के तहत नमक, चाय, कॉफी, पैकेज्ड फूड और बेवरेज का कारोबार करती है।

कंपनीज एक्ट 2013 के मुताबिक कोई भी व्यक्ति 70 साल या उससे ज्यादा उम्र होने पर MD या होल-टाइम डायरेक्टर के पद पर नहीं रह सकता और न ही उसका री-अपॉइं-टमेंट होगा। 12 नवंबर 1956 को जन्मे नोएल टाटा 12 नवंबर 2026 को 70 साल के हो जाएंगे। नोएल टाटा साल 2003 से वोल्टास कंपनी से जुड़े रहे हैं। वर्तमान में वे टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन भी हैं।

60% आबादी का पैसा फंसा, बैंक को फायदा पहुंचाने के आरोप में घर में नजरबंद

पराग्वे में बैंक के डूबने से राष्ट्रपति की सत्ता गई

असुनसियोन, एजेंसी

दक्षिण अमेरिकी देश पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना को शुक्रवार को सीनेट ने महाभियोग चलाकर पद से हटा दिया। इसके कुछ ही देर बाद पुलिस ने उन्हें उनके घर में नजरबंद कर दिया। पेना पर देश के बड़े बैंक यूएनो को फायदा पहुंचाने और सरकारी पैसे का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगे हैं।

दरअसल, यूएनो बैंक का कामकाज बंद होने से करीब 30 लाख ग्राहकों के खाते फ्रीज हो गए। इनमें देश की करीब 60% वयस्क आबादी शामिल है। बैंक में सरकार और सरकारी पेंशन फंड के 80 करोड़ डॉलर से ज्यादा जमा थे। आरोप है कि पेना ने अपने



राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके बैंक को फायदा पहुंचाया और सरकारी संस्थाओं का पैसा वहां जमा करवाने में भूमिका निभाई। राष्ट्रपति पेना का यूएनो बैंक की मूल कंपनी ग्रुपो वास्केज से कारोबारी रिश्ता रहा था। उन्होंने 2019 में इस कंपनी के करीब 10 लाख डॉलर के शेयर खरीदे थे। यह कंपनी 2022 में यूएनो होल्डिंग बनी, जो बैंक की मूल कंपनी थी। पेना ने राष्ट्रपति बनने के बाद भी ये शेयर अपने पास रखे और अप्रैल 2025 में बेच दिए।



पेना का कहना था कि उन्होंने ये शेयर सिर्फ निवेश के लिए खरीदे थे। हालांकि, सांसदों ने सवाल उठाया कि उनके बैंक से जुड़े रहने के दौरान सरकारी संस्थाओं का इतना पैसा वहां कैसे जमा हुआ।

बैंक ने मालिक से जुड़ी कंपनियों को दिया कर्ज, जांच में मिली गड़बड़ी

यूएनो कुछ ही साल में पैराग्वे का पांचवां सबसे बड़ा बैंक बन गया था। बैंक ने खाता खोलने की प्रक्रिया आसान रखी और दूसरे बैंकों के मुकाबले ज्यादा ब्याज देने का वादा किया। इससे बड़ी संख्या में लोग उससे जुड़ने लगे। लेकिन तेजी से बढ़ते कारोबार के बीच बैंक की आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी।

जांच में पता चला कि बैंक ने अपनी मूल कंपनी ग्रुपो वास्केज से जुड़ी कंपनियों को करीब 14.6 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया था। आरोप है कि ये कर्ज तय कानूनी सीमा से ज्यादा थे और इनके बदले बैंक के पास पर्याप्त गारंटी भी नहीं थी।

जांच में बैंक के खातों में भी गड़बड़ी मिली। कुछ खर्चों को संपत्ति बताकर दर्ज किया गया था, जिससे कागजों पर बैंक की आर्थिक स्थिति असल से बेहतर दिखाई दे रही थी। जब नियामक एजेंसियों ने दोबारा हिसाब लगाया, तो बैंक की अपनी पूंजी जरूरी कानूनी सीमा के आधे से भी कम रह गई। इसके बाद पराग्वे के केंद्रीय बैंक ने 3 नवंबर को यूएनो को अपने नियंत्रण में ले लिया और उसका कामकाज रोक दिया। बैंक की सेवाएं बंद होने से डेबिट कार्ड और डिजिटल भुगतान की सुविधा भी रुक गई। दुकानदारों और कारोबारियों को लेनदेन में परेशानी होने लगी। गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्राहकों के पैसे फंसने से खुदरा कारोबार की बिक्री 80% तक गिर गई थी।

वहां के राष्ट्रपति अमेरिका में बंदी, पुलिस को बताया- ट्रम्प को मारने के ख्याल आते हैं

व्हाइट हाउस के पास वेनेजुएलाई युवक हथियारों के साथ गिरफ्तार

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास एक वेनेजुएला का युवक हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (DHS) के मुताबिक, उसके पास से तीन बंदूकें और कई कारतूस मिले हैं। DHS ने बताया कि सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने युवक को वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के बाहर एक कार में संदिग्ध हालत में देखा। पूछताछ में उसने बताया कि उसके सिर में आवाजें आती हैं, जो उसे ट्रम्प को मारने के लिए कहती हैं। दरअसल, जनवरी में अमेरिकी सैनिकों ने वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया, जहां उन्हें



डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

पूछताछ में क्रिनोस ने अधिकारियों को बताया कि कुछ लोगों ने उसे मारने की कोशिश की थी। उसने उनसे एक बंदूक छीन ली थी, जिसे कार में रखे भूरे रंग के बैग में रखा था। उसने यह भी बताया कि करीब एक महीने पहले उसने कुछ हथियार खरीदे थे। वह चोरी की कार में ही रह रहा था। युवक ने कहा कि वह अपने पास मौजूद हथियार सरकार को सौंपना चाहता है।

अधिकारियों को कार से एक पिस्तौल और दो राइफल मिलीं। इनमें एआर-15 स्टाइल राइफल, मैक-10 हैंडगन और ग्लॉक 43एक्स पिस्टल शामिल हैं। इसके अलावा कई कारतूस भी बरामद हुए।



अधिकारियों को युवक की कार से तीन बंदूकें मिलीं। इनमें AR-15 स्टाइल राइफल, MAC-10 हैंडगन और ग्लॉक 43X पिस्टल शामिल हैं। इसके अलावा कारतूस भी मिले।

युवक 2024 में अवैध तरीके से अमेरिका आया था

युवक की पहचान 26 साल के रोनी योरड्रिक्स गुआनिपा क्रिनोस के रूप में हुई है। वह 2024 में अवैध तरीके से अमेरिका आया था।

सीक्रेट सर्विस के अधिकारी गुरुवार रात करीब 11:42 बजे व्हाइट हाउस के पास कॉन्स्टिट्यूशन एवेन्यू पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर सड़क किनारे खड़ी नीली फोर्ड एफ-150 पर पड़ी।

अधिकारियों ने युवक को कार में अकेले सोते हुए देखा। उन्हें मामला ठीक नहीं लगा। इसलिए वे यह पता लगाने के लिए उसके पास पहुंचे कि वह ठीक है या नहीं।

युवक अंग्रेजी नहीं बोल पा रहा था। इसलिए उसने गूगल ट्रांसलेट की मदद से अधिकारियों को बताया कि उसके पास हथियार हैं। जांच में यह भी पता चला कि कार चोरी की थी।

खैबर पख्तूनख्वा में घर की छत गिरने से चार लड़कियों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शनिवार को घर गिरने की वजह से चार लड़कियों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घर काफी पुराना और जर्जर हो चुका था। अधिकारी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के हंगू जिले में हुई है। इस घटना में घर गिरने से दो से 12 साल की चार लड़कियों की जिंदगियां खत्म हो गई।

अधिकारी ने घटना के बारे में बताया कि यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हंगू जिले की दोआबा तहसील के जदीद बांदा इलाके में हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद बचाव दल मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए अभियान शुरू किया। अधिकारी ने बताया कि चारों लड़कियों के शव मलबे से निकाल लिए गए और उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया।

वहीं, एक अन्य घटना में शनिवार



को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित जिले के बासीन इलाके की मियां कॉलोनी में एक पुराना घर गिरने से एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए।

पाकिस्तान की राष्ट्रीय बचाव सेवा, 'रेस्क्यू 1122' के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद आपातकालीन कर्मी मौके पर पहुंच गए। 'रेस्क्यू 1122' ने बताया कि बचाव कर्मियों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और फिर उन्हें प्रांतीय मुख्यालय अस्पताल पहुंचा दिया। अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला और बच्चे की मौत की पुष्टि की।

रजामंदी : अपनी जमीन पर यूक्रेन बंटवारे का फैसला नहीं चाहते, 18-19 नवंबर की मीटिंग पर अभी सस्पेंस

जिनपिंग चीन में ट्रम्प-पुतिन मुलाकात कराने से डर रहे

बीजिंग, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन चीन में एक साथ बैठक करना चाहते हैं। पुतिन ने 19 अक्टूबर को इसका प्रस्ताव रखा। उसी दिन ट्रम्प ने बैठक में शामिल होने की रजामंदी भी दे दी। दोनों ने इस बातचीत में जिनपिंग को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है।

यह बैठक 18-19 नवंबर को चीन के शेनझेन शहर में होने वाले APEC समिट के दौरान हो सकती है। हालांकि, चीन ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है, लेकिन प्रस्ताव को खारिज भी नहीं किया है। फिलहाल तीनों देशों के बीच इस बैठक को लेकर बातचीत चल रही है। जिनपिंग



की हिचकिचाहट की एक बड़ी वजह यूक्रेन युद्ध है। उनके सामने मुश्किल यह है कि वह एक तरफ रूस के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करना चाहते। दूसरी तरफ यूरोप के साथ अपने आर्थिक संबंधों को भी नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते। यही वजह है कि तीनों की मुलाकात पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। पुतिन को अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों के साथ एक ही मंच पर बैठने का मौका मिलेगा। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस से दूरी बना रखी है। ऐसे में ट्रम्प और जिनपिंग के साथ बैठक पुतिन को यह दिखाने का मौका देगी कि रूस को दुनिया की बड़ी ताकतों की राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता।



ट्रम्प-पुतिन और जिनपिंग आखिरी बार 11 नवंबर 2017 को वियतनाम के दा नांग में हुए APEC सम्मेलन में एक साथ नजर आए थे।

80 साल बाद फिर तीन महाशक्तियां एक साथ बैठेंगी

80 साल बाद इतिहास खुद को दोहराता हुआ नजर आ रहा है। तब तीन बड़ी ताकतों ने एक मेज पर बैठकर यूरोप का भविष्य तय किया था। अब रूस एक बार फिर अपने राष्ट्रपति को अमेरिका और चीन के नेताओं को एक साथ बैठाना चाहता है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार चर्चा का केंद्र यूक्रेन युद्ध हो सकता है।

80 साल पहले तीन देशों ने मिलकर तय किया चीन का भविष्य

ट्रम्प-पुतिन और जिनपिंग के बीच बैठक से चीन खुद को अमेरिका के बराबर एक बड़ी वैश्विक ताकत के रूप में पेश कर सकता है। लेकिन उसे यह भी डर है कि कहीं यह बैठक 1945 के याल्टा समझौते जैसी स्थिति न पैदा कर दे, जिसकी चीन लंबे समय से आलोचना करता रहा है।

फरवरी 1945 में दूसरे विश्वयुद्ध के आखिरी दौर में अमेरिका, सोवियत संघ और ब्रिटेन के नेता क्रीमिया के याल्टा में मिले थे। इन नेताओं ने बैठक में तय किया कि युद्ध खत्म होने के बाद यूरोप के देशों का बंटवारा और शासन कैसे होगा। उस समय चीन भी जापान के खिलाफ युद्ध लड़ रहा था, लेकिन उसे इस बैठक में शामिल नहीं किया गया।

ई20 पेट्रोल में 31.2% तक एथेनॉल मिला

गाड़ियों का माइलेज घटा और मेंटेनेंस का खर्च बढ़ा

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने तेल कंपनियों पर पेट्रोल में तय लिमिट से ज्यादा एथेनॉल मिलाने का आरोप लगाया है। नियम के मुताबिक E20 पेट्रोल में 20% एथेनॉल होना चाहिए, लेकिन लैब जांच में यह 31.2% तक पाया गया।

कर्नाटक सरकार का कहना है कि इस मिलावट से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है और मेंटेनेंस का खर्च बढ़ रहा है। इसलिए केंद्र सरकार को गाड़ियों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए एक स्पेशल मुआवजा फंड बनाना चाहिए।

मामले का खुलासा तब हुआ जब राज्य सरकार ने इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, नयारा और शेल जैसी कंपनियों के पेट्रोल पंपों से 63 सैंपल जुटाए। शुरुआत में तेल कंपनियों की



अपनी लैब्स से एथेनॉल की सही मात्रा पर कोई साफ जवाब नहीं मिला, जिससे गड़बड़ी का शक हुआ। इसके बाद सरकार ने बेंगलुरु की ISO और NABL से मान्यता प्राप्त प्राइवेट लैब 'श्रीराम रिसर्च इंस्टीट्यूट' में जांच कराई, जहां पेट्रोल में ज्यादा मात्रा में एथेनॉल मिलाने की पुष्टि हुई।

लैब जांच में सामने आया कि सभी बड़ी तेल कंपनियों के पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा 20% की लिमिट से काफी ज्यादा थी। बेंगलुरु अर्बन सहित 7 जिलों के सैंपलों में IOCL के पेट्रोल में सबसे ज्यादा 31.2% तक एथेनॉल मिला।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96